# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 341 । भोपाल, सोमवार, 11 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

उलेमाओं ने सुन्नतों पर चलने का दिया संदेश — पृष्ठ 3

- अब भी राहुल सख्त नहीं हुए तो गुडबाय टाटा!
- इंडिया ब्लॉक में अभी भी है भाजपा से मुकाबले की क्षमता — पृष्ठ 4

- गिट्टी बिछाकर सड़क बनाना भूला ठेकेदार, बढ़ी आवागमन की समस्या — पृष्ठ 6

सैनिक सेवानिवृत्ति के बाद समाज और युवाओं को संस्कारित करें — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### पशुक्रूरता के आरोपी पर होगी कठोर कार्रवाई : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुना जिले में पशु क्रूरता की घटना को लेकर कहा कि बर्बरता के ऐसे कृत्य अक्षम्य हैं, इस अपराध के लिए आरोपी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि गुना जिले से सामने आई पशु क्रूरता की घटना हृदय विदारक है। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। बर्बरता के ऐसे सभी कृत्य अक्षम्य हैं, इस अपराध के लिए आरोपी पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, गुना शहर में पशुक्रूरता का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जिसके बाद मामले को संज्ञान में लिया गया और आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया।

### धीरज साहू छापे मामले में 5वें दिन भी नोटों की गिनती जारी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के बलांगीर जिले के सुदपाड़ा में स्थित कथित तौर पर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़ी एक डिस्टिलरी यूनिट से जब्त की गई नकदी की गिनती पांचवें दिन भी जारी है। कई गिनती मशीनें खराब हो गई हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। कथित तौर पर गिनती मशीनों की तुरंत मरम्मत के लिए कुछ मैकेनिक बैंक में मौजूद रहे। दूसरी ओर, जांच में मदद के लिए हैदराबाद से आयकर अधिकारियों की एक टीम बलांगीर पहुंच गई है।

### गोगामेड़ी हत्याकांड में अब तक 4 लोग गिरफ्तार

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर सहित अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस मामले के दोनों शूटर रोहित राठौड़ एवं नितिन फौजी और फरारी के दौरान इनकी मदद करने वाले आरोपी उदम सिंह सैन को शनिवार देर रात चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें राजस्थान लाया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से उप्र के 2 दिन के दौरे पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से दो दिन के उत्तर प्रदेश दौरे पर जाएंगी। राष्ट्रपति सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति 11 दिसंबर को वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 45वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। उसी शाम, वह लखनऊ में डिवाइन हार्ट फाउंडेशन (इंडिया) के 27 साल पूरे होने के समारोह में हिस्सा लेंगी। श्रीमती मुर्मु 12 दिसंबर को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान लखनऊ के दूसरे दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी।

### कश्मीर में रात का तापमान शून्य से नीचे, शीतलहर जारी

**श्रीनगर, एजेंसी।** कश्मीर घाटी में रविवार को रात का तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे रहा। बर्फ से ढके पहाड़ों के भीतरी इलाकों में शीत लहर जारी है। रविवार को श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग में शून्य से 4.2 डिग्री नीचे और पहलगाम में शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र में, लेह में रविवार को न्यूनतम तापमान माइनस 14.1, कारगिल में माइनस 10 और द्रास में माइनस 11.4 रहा। जम्मू में 7.1, कटरा में 7.5, बटोटे में 2.5 जबकि भद्रवाह और बनिहाल दोनों में न्यूनतम तापमान 0.2 रहा। मौसम विभाग ने राहत की भविष्यवाणी की है। मंगलवार से दो दिनों तक जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है।

### असम पुलिस ने 637 किलोग्राम गांजा जब्त किया

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम पुलिस ने शनिवार को असम-त्रिपुरा सीमा के चुराइबारी चेक पोस्ट पर 637 किलोग्राम गांजा जब्त किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए करीमगंज पुलिस ने असम-त्रिपुरा सीमा के चुराइबारी चेक पोस्ट पर एक वाहन से 637 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। आगे की जांच जारी है।

---

विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से चुने गए नेता

# विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री होंगे



- मोदी सरकार में मंत्री भी रहे हैं साय
- 2 उपमुख्यमंत्रियों के नाम पर भी मुहर

*प्रधानमंत्री मोदी की विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई गारंटी को शत प्रतिशत पूरा करने का वह प्रयास करेंगे। सरकार गठन के बाद पहला काम गरीबों को 18 लाख आवास की मंजूरी देना होगा : विष्णुदेव साय*

**रायपुर, देशबन्धु।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं आदिवासी नेता विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ में भाजपा विधायक दल की आज यहां हुई बैठक में नेता चुन लिए गए। श्री साय राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

श्री साय को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की पार्टी पर्यवेक्षकों केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं सर्वानंद सोनोवाल, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम के अलावा पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर,सह प्रभारी केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया एवं सह प्रभारी नितिन नबीन की उपस्थिति में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया। राज्य में विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 90 सदस्यीय विधानसभा में 54 सीटो पर जीत कर पांच वर्ष बाद सत्ता में वापसी की है। नवम्बर 2000 में मध्यप्रदेश को विभाजित कर आस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ में श्री साय भाजपा के दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। श्री साय जशपुर जिले की कुनकुरी सीट से विधायक है। वह 2014 में मोदी सरकार में राज्यमंत्री भी रहे है। राज्य गठन के बाद पहली बार 2003 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में आई थी। इसके बाद लगातार 2008 एवं 2013 में भी भाजपा ने चुनाव जीता और डा.रमन सिंह लगातार तीनों बार मुख्यमंत्री रहे थे। चार बार सांसद रहे श्री साय 2014 में मोदी सरकार में राज्य मंत्री रहे है। वह 1990 से अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए तपकरा सीट से पहली बार विधायक चुने गए थे। श्री साय का जन्म 21 फरवरी 1964 में जशपुर जिले के बगिया गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी स्थित लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है।

#### 1989 में शुरू किया राजनीतिक जीवन

श्री साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी।श्री साय को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह की भी पसन्द बताए जाते है। पार्टी ने उन्हें 2006 और 2020 में दो बार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा था। वर्तमान में श्री साय भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

#### रमन सिंह होंगे विधानसभा अध्यक्ष



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा के साथ ही उपमुख्यमंत्रियों के नाम का भी एलान कर दिया गया है। राज्य में दो उपमुख्यमंत्री होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह विधानसभा के अध्यक्ष बनाए जाएंगे।


#### भाजपा ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया

छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार गठित करने का राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के समक्ष दावा पेश किया। राज्यपाल ने साय को नई केबिनेट गठित करने के लिए आमंत्रित किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने वर्ष 2023 की छत्तीसगढ़ राज्य नव गठित विधानसभा के अपने नव निर्वाचित विधायकों की सर्वसम्मति से प्रदेश विधायक दल का नेता विष्णुदेव साय को चयनित किए जाने संबंधित पत्र राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को राजभवन में सौंपा और नई सरकार बनाने के लिए अपना दावा पेश किया।

---

मध्यप्रदेश में विधायक दल की बैठक आज

# नए मुख्यमंत्री को लेकर तस्वीर होगी साफ





**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को भोपाल में होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। दल का नेता ही राज्य का अगला मुख्यमंत्री होगा।

शाम करीब 4 बजे प्रारंभ होने वाली बैठक में केंद्रीय संगठन की ओर से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव सुश्री आशा लकड़ा भी मौजूद रहेंगे। पर्यवेक्षक सुबह साढ़े 10 बजे भोपाल पहुंचेंगे। इस दौरान सभी 163 नवनिर्वाचित विधायक अपना नेता चुनेंगे। बैठक में मौजूदा मुख्यमंत्री एवं बुधनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान के अलावा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन के जिम्मेदार नेता भी मौजूद रहेंगे।

इस बीच नए मुख्यमंत्री के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मुरैना जिले के दिमनी से नवनिर्वाचित विधायक नरेंद्र सिंह तोमर का नाम भी लिया जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं इंदौर एक विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित कैलाश विजयर्गीय को भी महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाने की संभावना है। नरसिंहपुर विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की दावेदारी भी सामने आई है। बैठक में पूर्व सांसद एवं सीधी से विधायक श्रीमती रीति पाठक, जबलपुर पश्चिम सीट से विधायक राकेश सिंह और गाडरवारा विधायक राव उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहेंगे, जो हाल में लोकसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर आए हैं। राज्य में ऐतिहासिक बहुमत हासिल करने वाली भाजपा ने कुल 230 सीटों में से 163 सीट पर विजय हासिल की है।

#### वसुंधरा राजे ने फिर किया शक्ति प्रदर्शन

इस बीच राजस्थान में भी अगले मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बरकरार है। मुख्यमंत्री के लिए किसी ने चेहरे की संभावनाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा आज फिर से शक्ति प्रदर्शन किया गया है।

वहीं राजस्थान के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अभी तक समय नहीं दिया है, जिसकी वजह से बैठक तय नहीं हो पा रही है। पहले सोमवार को विधायक दल की बैठक प्रस्तावित थी; लेकिन अब यह टल गई है। अब यह बैठक मंगलवार को होने की संभावना है। बताया जा रहा है वसुंधरा राजे जिद पर अड़ी हुई हैं। राजे मुख्यमंत्री से कम कोई पद लेने को तैयार नहीं हैं।



*विधायक दल की बैठक से पहले रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने मुलाकात की।*



*प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में सोमवार को होने वाली विधायक दल की बैठक की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल उपस्थित थे।*

---

## मोहित पांडे बनेंगे अयोध्या राम मंदिर के पुजारी



**3 हजार लोगों में से हुआ चयन**

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या में बन रहे श्रीरामजन्म भूमि मंदिर में पुजारी के रूप में गाजियाबाद में स्थित प्राचीन श्री दूधेश्वरनाथ मठ के पूर्व छात्र मोहित पांडे का चयन हुआ है। उन्हें 3 हजार लोगों के साक्षात्कार के बाद इस पद के लिए चुने गए 50 लोगों में से चुना गया है। नियुक्ति से पहले उन्हें छह महीने के प्रशिक्षण से गुजरना होगा। जिसके बाद वह राम मंदिर में बतौर पुजारी नियुक्त होंगे। दूधेश्वरनाथ मंदिर उप्र के गाजियाबाद जिले में स्थित है, जोकि उत्तर भारत का प्रमुख मंदिर है। इस मंदिर के परिसर में ही दूधेश्वर वेद विद्यापीठ भी है। यहां देशभर से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए पहुंचते है। वर्तमान समय में यहां करीब 70 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। पिछले 23 सालों से विद्यार्थियों को वेद शिक्षा देने का सिलसिला जारी है। विद्यापीठ के आचार्य ने बताया कि मोहित पांडे ने पहले सामवेद का अध्ययन किया जिसके बाद वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय तिरुपति जाकर उन्होंने अध्ययन किया।आचार्य की डिग्री लेने के बाद वह पीएचडी की तैयारी भी कर रहे हैं। मोहित के अलावा ऋषभ शर्मा वहां पहले से ही पुजारी के रूप में तैनात हैं वह बहुत योग्य हैं और हमारा यही प्रयास है कि वेद विद्यापीठ में धर्म और कर्मकांड की शिक्षा ग्रहण करने वाला प्रत्येक विद्यार्थी अपना बेहतर भविष्य बनाए।

---

डंपर से टकराकर कार में लगी आग

# 8 लोगों की जिंदा जलकर मौत



**बरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बरेली में शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें कार सवार 8 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बरेली-नैनीताल हाइवे पर शनिवार रात 11 बजे मारुति अर्टिगा कार का टायर फटने से वह दूसरी साइड डिवाइडर पार करके डंपर से जा टकरा गई. इस हादसे के बाद कार लॉक हो गई, जिसमें 7 लोगों सहित एक बच्चे की जलकर मौत हो गई. वहीं इस हादसे के शिकार डंपर में आग लगने से कोई हताहत नहीं हुआ है.

घटना की जानकारी होने पर एसएसपी बरेली, आईजी बरेली रेंज डॉ. राकेश कुमार सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई. वहीं दमकल की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. सभी शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है, वहीं 3 मृतकों की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हादसे की शिकार मारुति अर्टिगा कार बहेड़ी में एक शादी समारोह से बरेली से लौट रही थी. तभी नैनीताल-बरेली हाईवे पर भोजीपुरा थाना क्षेत्र के पास रास्ते में कार का टायर फट गया और वह दूसरी साइड डिवाइडर पार करते हुए डंपर से जा टकराई. दोनों गाड़ियों की टक्कर से काफी तेज धमाका हुआ और कार के पहियों की रगड़ से कार में आग लग गई.

कार में आग लगने के बाद उसका सेंटर लॉक बंद हो गया, जिससे कार में सवार सभी 8 लोग अंदर ही फंसे रह गए और उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई. इस बीच कार और डंपर में आग की तेज लपटें देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. फिर पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आर्टिगा कार को बहेड़ी थाना क्षेत्र के नारायण नगला निवासी फुरकान ने बुक किया था. ये सभी लोग बरेली से बहेड़ी को वापिस लौट रहे थे, मगर रास्ते में यह हादसा हो गया. हादसे के शिकार सभी आठ लोगों के शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. वहीं डंपर में आग लगने से कोई हताहत नहीं हुआ है. माना जा रहा है कि डंपर का ड्राइवर हादसे के बाद संभवता फरार हो गया, क्योंकि डंपर के पास कोई नहीं मिला।

---

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाया



**पार्टी में राष्ट्रीय समन्वयक के पद पर हैं आकाश**

**लखनऊ, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को बसपा का नेतृत्व करने के लिए अपना उत्तराधिकारी बनाया। आकाश आनंद बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक के आधिकारिक पद पर हैं। मायावती ने लखनऊ में एक पार्टी बैठक को संबोधित करते हुए हालांकि कहा कि वह उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की कमान संभालती रहेंगी, लेकिन आकाश आनंद अन्य राज्यों के संबंध में फैसले लेंगे।

इससे पहले अगस्त में, बसपा ने आकाश आनंद के नेतृत्व में 14 दिवसीय 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' संकल्प यात्रा' शुरू की थी। 2019 के आम चुनावों की अगुवाई करते हुए, आनंद को मीडिया में तब प्रसिद्धि मिली जब मायावती ने घोषणा की कि उनका भतीजा राजनीति की जटिलताओं से परिचित होने के लिए बसपा आंदोलन का हिस्सा बनेगा। 2019 में चुनाव आयोग द्वारा मायावती पर 48 घंटे के प्रचार प्रतिबंध के बाद, आकाश ने राजनीतिक मंच पर अपनी शुरुआत की, अपनी पहली रैली को संबोधित किया और लोगों को एसपी-बीएसपी-आरएलडी गठबंधन का समर्थन करने का आह्वान किया।

---

भाजपा से मुकाबले के लिए 'मैं नहीं, हम' थीम पर काम करेगा गठबंधन

# इंडिया गठबंधन की बैठक अब 19 को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया गठबंधन की अब 19 दिसम्बर को बैठक होगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय राजधानी में विपक्षी दलों के गठबंधन की अगली बैठक में सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने पर चर्चा होगी।

**सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियों पर होगी चर्चा**

इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की चौथी बैठक 19 दिसंबर को नई दिल्ली में दोपहर तीन बजे होगी। विपक्षी दल बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब में एकता की थीम 'मैं नहीं, हम' के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। यह बैठक हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में हो रही है। पार्टी को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, भाजपा का कहना है कि लोगों ने मोदी की गारंटी में भरोसा जताया है और वे 2024 में उनकी सरकार को फिर चुनेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्षी दलों के सामने अब चुनौती अगले आम चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे के साथ आने की है। सूत्रों ने कहा कि बैठक के दौरान दल संयुक्त चुनावी रैलियां आयोजित करने के लिए सीटों के बंटवारे पर योजना तैयार करेंगी और उनके लिए एक साझा कार्यक्रम तैयार करेंगे। विपक्षी दलों द्वारा उठाए गए जातिगत जनगणना और पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे चुनावी मुद्दों पर नेता ने कहा, 'यह चुनाव परिणाम उन मुद्दों को खारिज करने के लिए नहीं हैं जो इस चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उठाए गए थे।' उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के लिए मुख्य सकारात्मक एजेंडा तैयार करना विपक्षी दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है जो इसे भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेगा।' उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो मुद्दे छाए रहे, जैसे बढ़ती आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अधिनायकवाद, महंगाई कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिनकी गूंज लोकसभा चुनावों के दौरान जमीनी स्तर पर सुनाई दे सकती है। ये मुद्दे विपक्षी दलों के साझा एजेंडे का हिस्सा बन जाएंगे जो विपक्षी गठबंधन को भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेंगे।

---

पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक हुई

# बैठक में असहज दिखे नीतीश व शाह

**इससे पहले कई बैठकों में शामिल होने से बचते रहे नीतीश**





**पटना, देशबन्धु।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डेढ़ साल बाद यहां 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, लेकिन उनकी बॉडी लैंग्वेज के अनुसार दोनों सहज नहीं दिखे। विशेष रूप से, नीतीश कुमार, अमित शाह का स्वागत केवल सहजता से करते दिखे, उन्हें फूलों का गुलदस्ता, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट करते समय उनकी निगाहें काफी हद तक झुकी रहीं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के प्रतिनिधियों का भी स्वागत किया। बैठक दोपहर 2 बजे शुरू हुई और 5 बजे खत्म हुई। अमित शाह बैठक में हिस्सा लेने के लिए पटना पहुंचे थे। इसमें नेताओं ने सुरक्षा और मुख्य मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले, नीतीश कुमार ने अमित शाह या पीएम नरेंद्र मोदी का सामना करने से बचने के लिए नीति आयोग की कई बैठकों और अन्य सरकारी बैठकों में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, बिहार द्वारा क्षेत्रीय परिषद की बैठक की मेजबानी करने के कारण, नीतीश कुमार के पास अमित शाह का सामना करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

#### केन्द्र की जाति आधारित गणना में रोड़ा अटकाने की मंशा नहीं: शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केन्द्र सरकार की जाति आधारित गणना में रोड़ा अटकाने की कभी कोई मंशा नहीं रही है और जब उनकी पार्टी बिहार में सत्ता में साझीदार थी तब उसने जाति आधारित गणना का समर्थन किया था। श्री शाह ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करते यह बात कही। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और झारखंड, ओड़ीशा, पश्चिम बंगाल तथा बिहार के वरिष्ठ मंत्री शामिल हुए। बैठक में अंतर राज्य परिषद सचिवालय की सचिव, सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और राज्य सरकारों तथा केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

सार समाचार

## नगर जैन मिलन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**गुना,देशबन्धु।** नगर जैन मिलन गुना द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवा के क्षेत्र की अग्रणी संस्था नगर जैन मिलन द्वारा शिशु रोग निदान शिविर का आयोजन रविवार को सीमंधर जिनालय बीजी रोड पर किया गया।

संस्था अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि शिविर का शुभारंभ भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में डॉ. एसपी जैन शिशु रोग विशेषज्ञ, रिटायर्ड सिविल सर्जन द्वारा लगभग 65 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। संस्था द्वारा सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में कोषाध्यक्ष विश्वास जैन, मंत्री सुनील जैन, चंद्रेश गोलछा, महावीर जैन, चंदेश गढ़ा, अमित टांटिया, चंद्रेश जैन एवं अशोक जैन एवं जिनालय समिति का सहयोग रहा।

फतेहगढ़ के ग्राम कुमारी में नकाबपोशो ने डाली डकैती

# 2 क्विंटल वजनी जेवरातों से भरी तिजोरी ले गए बदमाश



**गुना, देशबन्धु।** जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुमारी में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात को आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश बदमाशों द्वारा एक घर में डकैती डालने का मामला सामने आया है। आरोपीगण बंजारा परिवार की दो क्विंटल वजन की तिजोरी जिसके अंदर सोना चांदी और नगद लाखों रुपए थे, डकैत उठाकर ले गए। फरियादी किसान हाल ही में आधा दर्जन ट्रॉलियों के करीब अनाज बेचकर आया था। वहीं इस घटनाक्रम को फतेहगढ़ पुलिस चोरी की वारदात बता रही है। यह पूरा घटनाक्रम गोंमदा बंजारा के घर में लगे सीसीटीवी कैमरा में दर्ज हो गया, जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है तिजोरी को 07 लोग उठकर ले जा रहे हैं।

गोंमदा बंजारा से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि 12 से 1 बजे के बीच ग्राम कुमारी में मेरे घर में 7 से 8 लोग जो कैमरे में दिखाई दे रहे है घर की खिडक़ी को तोडक़र घुसे और उसके बाद उन्होंने घर में प्रवेश किया। हम सभी लोग दूसरे कमरे में सो रहे थे। जिस कमरे में तिजोरी रखी हुई थी उसमें कोई नहीं था, सभी बदमाशों ने रजाई और फटटा की मदद से तिजोरी को उठाया और हमारे घर की मोटरसाइकिल पर रखकर उसको गांव के बाहर नदी किनारे ले गए।

नदी किनारे मोटरसाइकिल मिली लेकिन तिजोरी का कोई पता नहीं चल सका। इस तिजोरी में नगर 3 लाख 42 हजार 70 ग्राम का सोने का हार, 40 ग्राम की सोने की चेन, करीब एक से डेढ़ किलो पुरानी चांदी रखी हुई थी। इस मामले में फतेहगढ़ थाना प्रभारी गोपाल चौबे का कहना है कि कुमारी गांव में चोरी की वारदात हुई है और इस मामले में हमने मामला दर्ज कर लिया है। उल्लेखनीय है कि चार माह पूर्व बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बींदाखेड़ी में भी मुरारी किरार के यहां 20 से 25 लाख के आसपास की डकैती की वारदात हुई थी, लेकिन पुलिस ने भी इस मामले में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले में भी पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।

# पिल्ले की क्रूरतापूर्वक हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**गुना, देशबन्धु।** शहर की सुभाष कॉलोनी में कुत्ते के पिल्ले के साथ अमानवीय एवं क्रूरतापूर्वक घटना के मामले में सिटी पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार किया है। दरअसल 9 दिसंबर को फरियादी झंकार शर्मा निवासी सुभाष कॉलोनी हाट रोड गुना द्वारा गुना कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट करते हुये बताया गया था कि उसके घर के सामने एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक कुत्ते के छोटे पिल्ले को उठाकर बर्बरता पूर्वक जमीन पर उठाकर फेंका गया फिर बार-बार उसे लातें मारी गई। जिससे पिल्ले की मौत हो गई । जिसकी रिपोर्ट पर से गुना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 1036/23 धारा 429 भादवि एवं पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(क)(ठ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त मामले में एसएसपी विजय कुमार खत्री द्वारा कुत्ते के पिल्ले के साथ हुई इस अमानवीय एवं क्रूरता पूर्वक घटना को संवेदनशीलता से लिया और इस अमानवीय कृत्य के अज्ञात आरोपी की शीघ्र पतारसी कर आरोपी की जल्द से जल्द से गिरफ्तारी हेतु सीएसपी श्वेता गुप्ता के नेतृत्व में गुना कोतवाली टीआई अनूप कुमार भार्गव एवं टीम को आवश्यक दिशा निर्देश देकर लगाया गया। निर्देशानुसार गुना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण में तत्परता पूर्वक कार्यवाही की गई और शीघ्र ही अज्ञात आरोपी की पतारसी राधा कॉलोनी निवासी मृत्युंजय पुत्र विनय सिंह जादौन के रूप में कर आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं मृत पिल्ले का पीएम कराकर उसे जमीन में दफनाया गया है तथा प्रकरण में गिरफ्तारशुदा आरोपी को रविवार को न्यायालय पेश किया गया। सोशल मीडिया पर जमकर हुए इस वायरल वीडियो में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था। वहीं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे असहनीय बताया था।

## बाजार करने बरखेड़ाहाट गए दो युवकों ने ट्रक ने रौंदा

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत ग्राम बरखेड़ाहाट में बाईक सवार दो युवकों को एक ट्रक ने रौंद दिया। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। जिनको 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी बृजेश पुत्र रमेश बंजारा निवासी ग्राम रसूलपुर ने मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08-7134 से अपने चचेरे भाई विजय के साथ ग्राम बरखेड़ाहाट गये थे। शाम 7.30 बजे वापस अपने घर रसूलपुर लौट रहे थे तभी बरखेड़ाहाट में गुना आरोन रोड पर ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएफ 0308 के चालक ने ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए सामने से उनकी बाईक में टक्कर मार दी। जिसमें वह और उसका चचेरा भाई बुरी तरह घायल हो गया। घटना के ट्रक चालक अपने ट्रक को लेकर गुना तरफ भाग गया। वहीं घायलों को एम्बूलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी ट्रक चालक पर धारा 279, 337 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

## लाड़ली बहना: जिले की 2 लाख 35 हजार बहनों के खाते में आई राशि

**गुना,देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत माह दिसम्बर 2023 की सातवीं किश्त में 1250 रूपये प्रति महिला हितग्राही के मान से गुना जिले में कुल 2 लाख 35 हजार 869 महिलाओं को राशि रुपये 28 करोड़ 90 लाख 6 हजार 50 भुगतान किया गया। जिनमें से जनपद पंचायत आरोन की 23 हजार 444 महिलाओं को राशि 2 करोड़ 28 लाख 68 हजार, जनपद पंचायत बमोरी की 31 हजार 62 महिलाओं को राशि 3 करोड़ 80 लाख 58 हजार 900, जनपद पंचायत चांचौड़ा की 39 हजार 143 महिलाओं को राशि 4 करोड़ 81 लाख 48 हजार 750, जनपद पंचायत गुना की 41 हजार 652 महिलाओं को राशि 5 करोड़ 12 लाख 19 हजार, जनपद पंचायत राधौगढ़ की 41 हजार 36 महिलाओं को राशि 5 करोड़ 2 लाख 50 हजार 400 तथा नगर पालिका गुना की 30 हजार 57 महिलाओं को राशि 3 करोड़ 67 लाख 9 हजार 650, नगर पालिका राघौगढ़ की 11 हजार 760 महिलाओं को राशि 1 करोड़ 43 लाख 11 हजार 800, नगर परिषद आरोन की 5 हजार 481 महिलाओं को राशि 66 लाख 87 हजार 850, नगर परिषद चांचौड़ा की 4 हजार 129 महिलाओं को राशि 50 लाख 10 हजार 650, नगर परिषद कुंभराज की 3 हजार 725 महिलाओं को राशि 45 लाख 44 हजार 50, नगर परिषद मक्सूदनगढ़ की 4 हजार 380 महिलाओं को राशि 53 लाख 10 हजार का भुगतान किया गया।

## राज्य शिक्षक संघ ने विधायक गोपाल सिह इंजीनियर का किया स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** राज्य शिक्षक संघ द्वारा नवनिर्वाचित विधायक



गोपाल सिंह इंजीनियर को पुष्पमालाओ से स्वागत करते हुए भगवान श्रीराम का स्मृति चिन्ह भेट किया। व मिठाई खिलाकर स्वागत किया । इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष जयसिह ठाकुर, यशवंत सिह ठाकुर ,मनीष सारसिया ,जीवन सिह ठाकुर, सम्राट ढोके, राजेन्द्र शर्मा, पुरषोत्तम मंडलोई, राधेश्याम जलवाया, मदन परमार, दीपक परमार, अके सिह ठाकुर, कृपाल सिह ठाकुर, राकेश सूर्यवंशी, प्रमोद कन्नवदिया, गोपाल सिह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## भाजयुमो नगर अध्यक्ष मनीष धारवां के नेतृत्व मे विधायक घनश्याम चंद्रवंशी का किया स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मनीष धारवां



के नेतृत्व एवं विद्यार्थी परिषद के सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी के नगर आगमन पर मुलाकात हुई एवं नगर के सभी साथियों ने बधाई प्रेषित की। विधायक घनश्याम चंद्रवंशी का नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया सभी ने बधाई शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर भाजयुमो नगर अध्यक्ष मनीष धारवां,नगर महामंत्री पवन वर्मा,नीलेश खंडेलवाल,कुलदीप धुराडा, मुकेश राठौर,वीरेंद्र ठाकुर,कमल सिंह,राकेश वर्मा,दौलत चौधरी,राधेश्याम दाऊ,दिनेश सोनी,अनमोल गेहलोत, जगदीश चौहान आदि कार्यकर्ताजन उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित विधायक का किया स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** उज्जैन से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक



अनिल जैन कालूहेड़ा का अलीपुर में नंदकिशोर मनोजकुमार वोहरा के निवास पर स्वागत सम्मान कर विजयश्री की बधाई दी।इस अवसर पर पूर्व पार्षद धनरूपमल जैन,कन्हैयालाल गेहलोत, पार्षद कमलेश जैन पार्षद,कोमल जैन,शांतिलाल भावसार,अनिल जैन,सोनू जैन,मयुर जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

## महिला युवा मोर्चा की अध्यक्ष का किया स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** दीनानाथ दीनदयाल परमार के निज निवास पर



पधारे भारतीय जनता पार्टी महिला युवा मोर्चा की मंडल अध्यक्ष गोपालपुर, सभापति महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य सीहोर, जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 16 श्रीमति जलज यदुराज चौहान से सौजन्य भेंट कर और भव्य स्वागत किया ओर उनको जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर नीलम कटारिया, कुलदीप कटारिया, दीनेश पांचाल आदि मौजूद रहे।

## महिला मंडल ने किया महिला पदाधिकारी का स्वागत

**आष्टा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी महिला युवा मोर्चा की मंडल



अध्यक्ष गोपालपुर, सभापति महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य, जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 16 श्रीमति जलज यदुराज चौहान से सौजन्य भेंट कर, उनको जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। जलजयदुराज सिंह चौहान का स्वागत श्रीमती गिरिजा कुशवाहा, नीलीमा कुश्वाह ,तारा कटारिया, इंदिरा सेठिया , ललिता सोनी द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर स्कूटी की भेट

**आष्टा, देशबन्धु।** विधानसभा आष्टा सहित जिले की चारो सीट एवं



प्रदेशभर मे भाजपा की ऐतिहासिक जीत की खुशी प्रदेशभर में अपने अपने स्तर से भाजपा कार्यकर्ता ने मनाई। लेकिन नगर मे जीत की ऐसी खुशी हुई कि लक्ष्मी इलेक्ट्रीक स्कूटी बाईक के संचालक धर्मेंद्र कुमार ने स्कूटी भेट कर खुशीयां मनाई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हमारी ओर से राकेश मितवाल पगारियाराम वाले को एक इलेक्ट्रिक स्कूटी भेट की । एवं भाजपा की जीत की खुशीयां मनाई । इस दौरान स्कूटी की चाबी भेट के अवसर पर उपस्थित महंत हेमंतगिरी शनिगिरी राजेश्वर बाबा सोहन श्रीवास्तव कन्हैयादास बैरागी,रवींद्र ठाकुर,शांतिलाल वर्मा समाजसेवी अर्जुन प्रजापति शुभम खड़ीहाट गोपाल पहलवान मोहित प्रजापति दीपक सरपंच सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मां-बेटे के साथ महिलाओं ने की बेरहमी से मारपीट



**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत बच्चे को लेकर हुई लड़ाई में तीन महिलाओं ने बच्चे की मां के साथ बुरी तरह मारपीट की। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मामले में मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोन के लोक सेवा केंद्र के पीछे बायपास रोड निवासी फरियादिया दीपिका पत्नी धर्मवीर सिंह अहिरवार ने अपनी सास चंपा बाई, ननद रवीना बाई एावं पति धर्मवीर सिंह के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस उनका दो साल का बच्चा माहिर खेल रथा। तभी पड़ोस में रहने वाली सखीबाई अहिरवार से बच्चे का हाथ लग गया। जिस पर सखीबाई ने बच्चें में थप्पड़े मार दी और फरियादिया के साथ गाली गलौंच करने लगी।

इसी दौरान उसकी रिश्तेदार ओमवती, कौशल्याबाई भी आ गई। जिन्होंने गाली गलौंच कर फरियादिया के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आई सास एवं ननद के साथ भी मारपीट की गई। घटना में घायल महिला अस्पताल में उपचाररत है। वहीं पुलिस ने मामले में धारा 294, 323 एवं 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

# सरस्वती शिशु मंदिर के संयोजक मंडल का समागम आयोजित



**गुना, देशबन्धु।** ग्राम शिक्षण समिति जिला गुना द्वारा जिले में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के संयोजक मंडल कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय संयोजक मंडल समागम कार्यक्रम का आयोजन आज रविवार को स्थानीय महावीर पुरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया। जिसमें 22 विद्यालयों के सात सौ से अधिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सचिव विवेक शैडेय और प्रादेशिक अध्यक्ष सुमित शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस मौके पर संस्था के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर छात्रों को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक दृष्टि से विकसित करती है ताकि ऐसे युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके, जो संस्कारवान एवं राष्ट्रहित से ओतप्रोत हो। शिक्षा में संस्कार का होना अति आवश्यक है। वक्ताओं ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर गैर सरकारी संस्था है, इसे शासन के द्वारा किसी प्रकार से कोई अनुदान प्राप्त नहीं होता हैं। यहां छात्र-छात्राएं अपने माता पिता के भावी आशाओं के अनुरूप तैयार होते हैं। यहां के शिक्षा पद्धति का शिक्षा के जगत में एक विशिष्ट पहचान है।

विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूरे देश में संचालित है, जो दूरस्थ अंचलों, नगर एवं ग्रामों में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। प्राथमिक से लेकर उच्चर माध्यमिक तक शिक्षण संस्था संचालित हो रही है। यहां के आचार्य पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य कर रहे हैं।

# क्रिकेट प्रतियोगिता : रविवार को हुए 3 रोचक मैच


**गुना, देशबन्धु।** ए टू जेड ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को प्रथम राउंड के तीन मुकाबले खेले गए। जिसमें पहला मुकाबला पुलिस 11 वर्सेस लोधा 11 सकतपुर के बीच खेला गया। जिसमें पुलिस 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 148 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में लोधा 11 सकतपुर 68 रन ही बना सकी। पुलिस 11 ने यह मुकाबला 80 रनों से जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रहे संजय रावत 18 गेंद में 51 रन की पारी खेली और दो ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं दूसरा मुकाबला महाकाल 11 ऊमरी वर्सेस महाकाल राघौगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें महाकाल उमरी इंडियन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाएं। जिसके जवाब में महाकाल 11 राघौगढ़ ने 7.5 ओवरों में ये लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रहे संजय राजपूत ने 18 बॉल में 41 रन बनाए और 2 ओवरों में 10 रन देकर 2 विकेट लिए।

अंतिम मुकाबला रघुवंशी क्रिकेट क्लब वर्सेस इस्माइल 11 हाइड आउट कैफ जिसमें रघुवंशी क्रिकेट क्लब में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 112 रन बनाए। जिसमें सौरव रघुवंशी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 29 बोलो में 59 रनों की शानदार बल्लेबाजी की जिसके जवाब में स्माइल 11 हाइड आउट कैफ निर्धारित 10 ओवरों में 109 रन ही बना सकी। जिसमें राजा ने शानदार बल्लेबाजी की 23 बोलो मैं 63 रन लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। रघुवंशी क्रिकेट क्लब ने ये मैच 3 रनों से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे सौरव रघुवंशी दो ओवर में 8 रन देकर 2 विकेट लिए और शानदार बल्लेबाजी करते हुए 63 रन बनाए।

## खेत पाईप डालने को लेकर मां-बेटे से मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत ग्राम इस्माईलपुर में खेल में पाईप डालने को लेकर आधा दर्जन के करीब लोगों ने मां-बेटे के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी नारायण भील पुत्र भारत सिंह भील ने अपनी घायल माँ संपतबाई के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात उसकी माँ खेत में पानी देने के लिए हरिसिंह भील के खेत से पाईप लाईन डाल रही थी। जिस पर हरिसिंह ने पाईप डालने से रोका। जिस पर माँ संपतबाई घर पर आई उसे बताया कि हरीसिंह खेत से पाईप नहीं डालने दे रहा है। इतने में लखन पुत्र रोडेलाल भील, बाबूलाल पुत्र जमुनालाल भील, प्रीतम भील, हरीसिंह भील सहित अन्य उनके घर पर आए और गाली गलौंच कर बोले कि तेरी माँ हमारे खेत में से पाईप लाईन क्यो डाल रही है। मैने कहा कि पहले तुमने हमारे खेत से पाईप डालकर अपने खेत में पानी दे लिया।

## राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में गुना के 5 खिलाड़ियों का चयन



**गुना, देशबन्धु।** महाविद्यालय राज्य स्तरीय पुरुष बास्केटबाल प्रतियोगिता में गुना के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिला बास्केटबॉल संघ गुना के सचिव अतुल लांबा के अनुसार अक्टूबर माह में दतिया में आयोजित हुई थी। जिसमें संभाग स्तरीय अंतर जिला महा विद्यालय प्रतियोगिता में गुना महाविद्यालय ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विजेता बना था।

इस प्रदर्शन के आधार पर गुना जिले के पांच खिलाड़ी चंद्र प्रताप केवट ,शशांक विजयवर्गीय ,विराट धाकड़, कृष्ण त्यागी, अभिषेक शर्मा का चयन 11 एवं 12 को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष महाविद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उपरोक्त खिलाडियों ने शासकीय महाविद्यालय गुना के बास्केटबॉल ग्राउंड पर अंतर्राष्ट्रीय कोच मनोज शर्मा एवं एनआईएस कोच सचिन सक्सेना द्वारा निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त किया। खिलाडियों की उपरोक्त सफलता पर शासकीय महाविद्यालय गुना के प्राचार्य बीके तिवारी, हरवीर सिंह रघुवंशी, मुरारी लाल शर्मा, अनिल सूद, सुनील अग्रवाल, मोहन उपाध्याय, गोपाल मिश्रा, विजय पंचोली, परमानंद कुशवाह, हरि कृष्ण शर्मा, नरेंद्र भार्गव, राहुल अग्रवाल, शरद शर्मा, दुर्गेश सक्सेना, अतुल शर्मा, कमल सिंह भदोरिया, विवेक चौरसिया, रमन शर्मा, सचिन शर्मा, बंटी कुशवाह, शुभम गौड़ आदि ने बधाई दी है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए दी जा रही ट्रेनिंग



**गुना, देशबन्धु।** छात्राओं को सशक्त बनाने एवं विषम परिस्थिति में छात्राएं स्वयं की सुरक्षा कर सके इस उद्देश्य को लेकर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गुना प्राचार्य विनोद कुमार राजोरिया द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिलाने की पहल करते हुए मार्शल आर्ट सिखाने के लिए मार्शल आर्ट कोच नियुक्त किया है। जो प्रतिदिन छात्राओं को सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण विद्यालय परिसर में कक्षा 6वीं से 12वीं तक पढने् वाली सभी छात्राओं को दिया जा रहा है।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है यह बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा करने उनको अपने परिवेश के बारे में जागरूक होने एवं किसी भी अप्रत्याशित घटना से बचाव के लिए तैयार रहने में मदद करता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को संकट के समय अपनी रक्षा के लिए मनोवैज्ञानिक बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनाना सिखाया जाता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों से सामना करने हेतु मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने हेतु प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को मार्शल आर्ट के अंतर्गत जूडो, कराटे,कुंग फू, ताइक्वांडो आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसमें पंच, किक, ब्लॉकिंग, गले को छुड़ाना हाथ को छुड़ाना, कंधे को छुड़ाना आदि सुरक्षा के दाव पेच बताए जा रहे हैं। जिसमें अगर हमें कोई सडक़ पर छेड़ता है तो उनको कैसे जवाब देना है और अपनी सुरक्षा कैसे करनी है इसके बारे में बताया जा रहा है। विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार राजोरिया ने छात्राओं को बताया की मार्शल आर्ट हमारे लिए बहुत ही जरूरी है। इससे हम मुसीबत में अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। हम सबको आत्म सुरक्षा सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग अच्छे से लेनी चाहिए। वही मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ले रही छात्राओं ने बताया के मार्शल आर्ट सीखने से आत्म बल मजबूत होता है। इससे हम अपनी स्वयं की सुरक्षा करने के साथ साथ दूसरों की भी मदद कर सकेंगे। हम घर से बाहर निकलने पर असुरक्षित महसूस नहीं करेंगे और आसामाजिक तत्वों को जवाब देने और अपनी रक्षा के लिए इस तरह का प्रशिक्षण हमें हमारे लिए बहुत ही उपयोगी है।

तब्लीगी इज्तिमे के तीसरे दिन

# उलेमाओं ने सुन्नतों पर चलने का दिया संदेश

**भोपाल, देशबन्धु।** ईंटखेड़ी में चल रहे आलमी तब्लीगी इज्तिमे के तीसरे दिन जोहर (दोपहर) की नमाज के बाद मौलाना सईद की तकरीर हुई। उन्होंने रसूल की सुन्नतों पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगर आप दीन की राह पर चल रहे हैं तो हुजूर की सुन्नतें (उनके तरीके) भी अपनाएं, क्योंकि इसी से आखिरत बेहतर होगी।

मौलाना सईद ने कहा कि अगर आप सोचते हैं कि आप हक और हलाल की कमाई कर रहे हैं और आपका पड़ोसी ऐसा नहीं कर रहा है तो यह आपका काम है कि आप उसे बेहतरी के रास्ते पर लाएं। ऐसा नहीं है कि आप खुद अपने आपके बारे में सोचें। आपको हर एक इंसान, हर एक मुसलमान के बारे में सोचना है। यही हमारा दीन है। उन्होंने कहा कि हमें नबी की सुन्नतों पर जिंदगी गुजारनी है। जैसे अल्लाह ने रसूल की गैब से मदद की थी, ऐसे ही अल्लाह आपकी मदद करेगा। आप समझ भी नहीं पाएंगे कि इतने बड़े-बड़े मसलों का हल कैसे निकल गया। आप तसव्वुर भी नहीं कर पाएंगे कि यह कैसी मदद है। उन्होंने दुआ के बाद यहां से लोगों को हर साल चार महीने दीन की राह पर लगाने की बात पर भी जोर दिया। कहा कि हमें अपने नबी की तरह दीन की मेहनत करनी है, जैसी परेशानियों को उठाकर उन्होंने की थी।



वहीं दिल्ली मरकज से आए मौलाना मोहम्मद साद कांधलबी में अपनी तकरीर में कहा कि दुनिया में जो आया है, उसे लौटकर अल्लाह के पास जाना है। आसमान पर एक दुनिया है, जिसकी जिंदगी का कोई अंत नहीं है। उस जिंदगी के लिए होने वाले फैसले हमारे दुनिया में किए गए आमाल से ही तय होने वाले हैं। इसलिए हर इंसान को अपनी जिंदगी में हर पल कुछ बेहतरी का साथ रखना चाहिए ताकि आखिरत की जिंदगी संवर सके।

इसी तरह मौलाना इलियास ने अपनी तकरीर में कहा कि असल इस्लाम खिदमत (सोवा) है। तंगहाल परेशान और मजलूमों की खिदमत करना भी दीन है। दुनिया में मुसलमानों ने खिदमत की कई मिसालें पेश की हैं। आज देर शाम तक इस्लाम के कई स्कॉलर की तकरीर होंगी। उल्लेखनिय है कि सोमवार को सामूहिक दुआ के साथ इज्तिमे का समापन हो जाएगा। इज्तिमे में अब तक साढ़े 3 लाख से अधिक लोग शामिल हो चुके हैं।

## विदेशी मेहमानों की संख्या में हुआ इजाफा, अनुवादक मौजूद

इज्तिमे में विदेशी मेहमानों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। यह संख्या अब 3 सौ से अधिक पहुंच गई। इसमें किर्गिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, इथोपिया, बर्मा (म्यांमार), श्रीलंका, सउदी अरब, कंबोडिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, सीर्रा लोन, फ्रांस, जॉर्जिया, तुर्की, आयरलैंड, जॉर्डन, ऑस्ट्रेलिया, थाईलैंड, ट्यूनिशिया, इजिप्ट आदि देशों के लोग शामिल हैं। इज्तिमा प्रबंधन ने विदेशी मेहमानों के ठहरने के इंतजाम अलग से किए हैं। इन खेमों में अनुवादक भी मौजूद हैं, जो उलेमाओं के बयान को इन अलग-अलग देशों के लोगों को उनकी भाषा में अनुवाद करके बताते हैं।

## यातायात प्रबंधन में भी दिख रही मुस्तैदी

इज्तिमे में आने वाले लोगों की संख्या जैसे-जैसे बढ़ रही है, उसी के साथ भोपाल टॉकीज से ईंट खेड़ी की सड़क पर भी यातायात का दबाव बढ़ गया है। इसको लेकर करीब 4 हजार स्वयंसेवक भोपाल टॉकीज से लेकर पुलिस ईंटखेड़ी तक सड़कों पर यातायात प्रबंधन में अहम रोल निभा रहे हैं। यह सभी स्वयंसेवक कई स्थानों पर रस्सी एक फाटक बनाकर यातायात को नियंत्रित कर रहे हैं।

# उत्तरी सर्द हवाओं ने पकड़ा जोर, बढ़ी सिहरन

## भोपाल में रहा मौसम का सबसे कम न्यूनतम तापमान



*__भोपाल, देशबन्धु।__ उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं ने पूरे प्रदेश में जबरदस्त सिहरन बढ़ा दी है। रविवार को प्रदेश के 26 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। सबसे कम 10.5 डिग्री सेल्सियस तापमान छिंदवाड़ा में दर्ज किया गया। वहीं राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम में सबसे कम है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि मिचौंग तूफान समाप्त हो चुका है। पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना पश्चिमी विक्षोभ भी आगे बढ़ गया है। वातावरण से नमी कम होने से बादल छंट गए हैं। इसके साथ ही हवाओं का रुख भी उत्तरी हो गया है। ऐसे में उत्तर भारत की तरफ से आने वाली सर्द हवाओं के कारण ठंड बढ़ गई है। इसी क्रम में प्रदेश के शहरों में रात के तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई।*

*उधर धूप निकलने के कारण अब दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। इस तरह की स्थित अभी दो दिन तक बनी रह सकती है। इस दौरान रात के तापमान में और भी गिरावट आ सकती है। हालांकि सोमवार को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है, लेकिन इसकी आवृति कमजोर रहने के कारण इसका प्रदेश के मौसम पर असर कम ही पड़ने के आसार हैं। लिहाजा सिहरन बरकरार रहेगी और तीन दिन के अंदर रात के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना है।*

# घायल कुत्ते को फेंकने जा रहे थे ननि कर्मी, पशु प्रेमी ने रोका तो छोड़कर भागे

## कचरा वाहन से टकराकर घायल हुआ था

**भोपाल, देशबन्धु।** शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में नगर निगम के कचरा वाहन की चपेट में आने से एक कुत्ता घायल हो गया। इसके बाद वाहन में बैठे कर्मचारी घायल कुत्ते को इलाज के लिए ले जाने के बजाय कलियासोत बांध में फेंकने पहुंचे थे। इसी बीच एक पशु प्रेमी वहां पहुंच गईं और कर्मचारियों से पूछताछ की। इस पर निगम कर्मी उन्हें गुमराह करने लगे और थोड़ी ही देर में मौके से भाग खड़े हुए। इसके बाद पशु प्रेमी ने घायल कुत्ते को उपचार के लिए आसरा पशु गृह में भिजवाया।

पशु प्रेमी कविता भावनानी ने बताया कि उन्हें शनिवार को सूचना मिली थी कि नगर निगम कर्मी मोटर साइकिल से एक कुत्ते को कलियासोत बांध में फेंकने आए हैं, जबकि उक्त कुत्ता जिंदा है और तड़प रहा है। यह जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचीं और देखा तो कुत्ता बेहोशी की हालत में था। उन्होंने कर्मचारियों से पूछताछ की, तो उन्होंने बताया कि कलियासोत बांध के पास निगम का जहां काम चल रहा है, वहां यह कुत्ता पड़ा हुआ था। अधिकारियों ने उसे फेंकने के लिए बोला था। हम तो सिर्फ फेंकने आए हैं। जब उनसे पूछा गया कि जब कुत्ता जिंदा है तो इसे पशु अस्पताल क्यों नहीं ले गए। इसे यहां फेंक दोगे तो ये मर जाएगा। इस पर कर्मचारी बोले कि वह कुत्ते को अस्पताल लेकर जाएंगे, इसके लिए रिक्शा लेने जा रहे हैं। इतना कहकर वह वहां से चले गए और वापस नहीं लौटे। इसके बाद हमने उक्त कुत्ते को आसरा गृह पहुंचा दिया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन की अंतिम तारीख आज

**भोपाल, देशबन्धु।** संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा भोपाल ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण शाला भोपाल में 15 फरवरी तक होने वाले भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के आहरण संवितरण अधिकारियों के लेखा प्रशिक्षण सत्र में आवेदन की तिथि बढ़ाकर 11 दिसंबर तक कर दी गई है। भोपाल, सीहोर, विदिशा, राजगढ़, रायसेन, बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम जिलों के आहरण संवितरण अधिकारियों से कहा है कि वे लेखा प्रशिक्षण के लिए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन पत्र 11 दिसंबर तक लेखा प्रशिक्षण शाला, भोपाल को प्रेषित करें।

## माहेश्वरी युवा संगठन ने स्कूली बच्चों को बांटे बैग



**भोपाल, देशबन्धु।** माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा संचालित समर्पण समूह ने रविवार को भोपाल के साकेत नगर स्थित शासकीय स्कूल के बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए। इस दौरान बच्चों को रुचि अनुसार नाश्ता भी कराया गया। बैग और नाश्ता मिलने की खुशी बच्चों के चेहरे पर साफ नजर नजर आई। इस मौके पर समूह के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अधेड़ ने खुद पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, मौत

## शराब के नशे में परिजनों से विवाद के बाद उठाया था कदम



**भोपाल, देशबन्धु।** गौतम नगर थाना इलाके में रहने वाले एक अधेड़ व्यक्ति ने शराब के नशे में धुत होने के बाद परिजनों से विवाद किया। इसके बाद उसने स्वयं पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। परिजनों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्यारे लाल पुत्र हरि नारायण उम्र 53 वर्ष निवासी नगर निगम कॉलोनी मकान बनाने की ठेकेदारी करता था। वह गत 30 अक्टूबर को नशे में धुत होकर घर लौटा था। यहां उनकी पत्नी से मामूली कहा सुनी हुई। इसके बाद उन्होंने घर के आंगन में स्वयं पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। परिजनों ने किसी तरह आग पर काबू पाने के बाद उसे अस्पताल में पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह उनकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। साथ ही मर्ग दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। इधर प्यारे लाल के बेटे मयंक ने बताया कि हम चार भाई बहन हैं। पिता की मौत की खबर के बाद से ही मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बीएमएचआरसी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरु

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल मेमोरियल हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) में रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डा मनीषा श्रीवास्तव ने इस प्रतियोगिता की शुरुआत की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डा मनीषा ने कहा कि खेल हमको जीतने के साथ हारना भी सिखाते हैं। खेलकूद हर व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक हैं और इसलिए सभी को पूरे उत्साह के साथ खेलकूद में हिस्सा लेना चाहिए। सभी लोग इन प्रतियोगिताओं में मिलजुलकर इसमें हिस्सा लें और खेलों का आनंद उठाएं। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन रविवार को बीएमएचआरसी के नर्सिंग कालेज और पैरामेडिकल संस्थान के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। वहीं आगामी 26 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के दौरान बीएमएचआरसी के कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए एथलेटिक्स, खोङ्कखो, बैडमिंटन, गोला फेंक, वालीङ्कबाल फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# संभावना: भगत गायन और गोंड नृत्य की प्रस्तुति हुई

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना में रविवार को लवलेश कोल एवं साथी- रीवा द्वारा भगत गायन (कोल जनजातीय) एवं सुश्री रामबाई धुर्वे एवं साथी द्वारा गोंड जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

गतिविधि की शुरूआत सर्वप्रथम भगत गायन से हई, जिसमें कलाकारों ने प्रेमी के पालनहारा तबैं त मन रंगा भए..., माई तोहरे दरस का आएन..., देखा लंका चले हनुमान वीर बजरंगबली..., विश्वामित्र बोलाइ के जनकपुर बालक दूनउ आएं हो...,ऊंचे सिंहासन बैठी मइया शारद..., एवं अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। मंच पर गायन में लवलेश कोल, रामस्वरूप कोल, नंदलाल कोल, ढोलक पर ददुली कोल, रामायण कोल, नगड़िया पर राजबलि कोल, करताल पर रामबहोर कोल ने संगत की।



प्रस्तुति के अगले क्रम में सुश्री रामबाई धुर्वे एवं साथी द्वारा गोंड जनजातीय नृत्य सैलाकरमा की प्रस्तुति दी गई। गोड जनजाति भादों माह के शुक्ल पक्ष में अपने इष्ट देव, कुल देव, बड़ा देव एवं अन्य देवी-देवताओं की पूजा कर नवा खाते हैं। नवा खाने के बाद से ही करमा गीत होते हैं एवं कहीं से गांव में महिला मेहमान के आने पर गांव के युवक-युवती उसे ले कर करमा नृत्य गीत का आयोजन करते हैं।

# कायस्थ समाज को दहेज, मांसाहार और नशा मुक्त बनाने अभियान जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** कायस्थ समाज मे बेटा- बेटियो का विवाह बिन दहेज माँग एवम मांसाहार, नशा मुक्त परिवारो से हो, इसी उददेश्य को लेकर पिछ्ले तीन साल से भोपाल सहित अन्य नगरो के कायस्थ समाज मे महा अभियान चलाया जा रहा है। अभियन की नीतियां से प्रभावित होकर हजारो की संख्या मे लोग अभियान से जुड़ चुके है। इसी कड़ी मे रविवार को होशंगाबाद रोड स्थित शुभालय परिसर मे अभियन समर्थक श्रीमति सुनीता विजयकान्त श्रीवास्तव के घर पर कायस्थ बंधु पत्रिका समिति भोपाल की ओर से सम्मान कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम मे श्रीमति श्रीवास्तव परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए है। समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने सभी को दहेज, मांसाहार, नशा मुक्त अभियान मे शामिल होने पर प्रशस्ति पत्र के साथ श्री चित्रगुप्त भगवान की तस्वीर भेट की। इस अवसर परिवार के मुख्य सदस्यो ने अपने बेटा-बेटी का विवाह बिन दहेज माँग के साथ साथ मांसाहार एवम नशा मुक्त परिवार से करने का संकल्प भी लिया है। समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने बताया कि समाज से दहेज एवम मांसाहार की प्रवर्ति खत्म हो इसी आशय के साथ हर हसे चित्रगुप्त सम्मान कार्यक्रम समर्थको के सहयोग से आयोजित किये जा रहे है। समिति अभी तक भोपाल से करीब 50 से अधिक परिवारो को चित्रगुप्त सम्मान दे चुकी है।

# संवेदना को बचाने कला के विभिन्न माध्यमों की जरुरत: गुमास्ता




**भोपाल, देशबन्धु।** हिन्दी लेखिका संघ भोपाल की दिसंबर माह की मासिक गोष्ठी लोकगीत विधा पर विश्व रंग और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्व एवम वनमाली सृजनपीठ के तत्वाधान में विश्व संवाद केंद्र में आयोजित की गई।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि बलराम गुमास्ता ने कहा कि रस लोक से आता है। जीवन की सच्चाइयां लोक में व्याप्त हुई है और इसीलिए संवेदना को बचाए रखने के लिए कला के विभिन्न माध्यमों की आवश्यकता है। आज साहित्यिक आंदोलन खड़ा करने की ज़रूरत है, ताकि मनुष्य मनुष्य बना रहे। उन्होंने एक कविता आज घर बेटी आई ,भी सुनाई।

सारस्वत अतिथि सुश्री पूर्णिमा चतुर्वेदी लोकगायिका(निमाड़ी) ने कहा कि लोकगीत कंठ को मिला ईश्वर का सबसे बड़ा वरदान है ।अभिव्यक्ति है ।हमें चाहिए कि हम बोली को सदा जीवंत रखें , ये रहेंगी तो लोकगीत भी बचे रहेंगे ।उन्होंने शुक्र का तारो रै शबर चमक रया लोकगीत भी सुनाया। विशिष्ट अतिथि विनय राजाराम ने कहा कि लोकगीतों की कोई शुरुआत नहीं कोई अंत नहीं होता ।लोक के लिए कोई बंधन नहीं ।उन्होंने एक घूमर गीत सुनाया जिसके बोल हैं घेर घेर घूमर गोल गोल चक्कर में समाया है जीवन का चक्कर ।वरिष्ठ साहित्यकार एवम अध्यक्ष हिन्दी मे लेखिका संघ डॉ. कुंकुम गुप्ता म. प्र. भोपाल ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि विनम्रता ही व्यक्ति को शीर्ष तक पहुंचाती है । साथ ही उन्होंने संघ की वार्षिक कार्यप्रणाली से भी अतिथियों को परिचित करवाया।

गोष्ठी में सुश्री रेणू श्रीवास्तव ने स्वरचित वंदना प्रस्तुत की।तत्पश्चात लोकगीतों की प्रस्तुति हुई ।इसी तरह डॉ साधना शुक्ला ने भोजपुरी लोकगीत अरे बहना पियवा गइल परदेस! ना भेजल संदेस! हियरा तो धड़के जोर से, उमा सक्सेना ने बुंदेली लोकगीत झांकी है बांकी सिया राम की , रंजना शर्मा ने ब्रज बोली में झांकते झरोखे बैठी नंदनी जनक की , करुणा श्रीवास्तव ने बुंदेली लोकगीत मेला देखन जाने हमें तो मेला देखन जाने , महिमा श्रीवास्तव वर्मा ने मालवी लोकगीत हो बदरा घिर घिर कारे आजे रे सूखा पड़या खेतड़ा बरसात कर जै रे , संध्या शर्मा ने मालवी लोकगीत हूं तो मालवारी नार अलबेली अलबेली म्हारो झुमको झूम झूम जाए छे , उषा चतुर्वेदी ने भदावरी बोली में मीठी लगे मीठी लगे बलम तोरी बतियां, रितुप्रिया खरे ने अंगनवा में खेले देखो रामललना , आशा सक्सेना ने स्वरचित लोकगीत ठुमक ठुमक फिर अइयो ढ़ोलकरानी , प्रेमशीला सिंह ने भोजपुरी लोकगीत दिल्ली बनारस से आवे नन्दोईया , लता शर्मा ने क्या कहूं तुझे ए कविता तेरे बिन अकेली हूं मैं सुनाई। आयोजन का कुशल संचालन सुश्री आशा श्रीवास्तव ने किया एवम आभार सुश्री महिमा श्रीवास्तव वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

## प्रांत के अभाव में भाषा के संरक्षण में आईं बाधाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय भाषा दिवस के अवसर पर भारत सरकार की राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद (एनसीपीएसएल) के बैनर तले रविवार को संत हिरदाराम नगर में परिसंवाद और परिचर्चा का आयोजन किया गया। पैराडाइज पब्लिक स्कूल के सभाकक्ष में हुए कार्यक्रम में सिंधी भाषा के संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों और नवीन सुझावों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर नंद सनमुखानी ने सिंधी की उप भाषाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रांत के अभाव में भाषा के संरक्षण में बाधाएं सामने आई हैं। उनके वैकल्पिक उपाय खोज कर अमल किया जाना चाहिए।



वहीं साहित्य अकादमी से सम्मानित वरिष्ठ लेखक की खीमन यू मूलानी ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को अपने भवन का उपयोग सिंधी भाषा की कक्षाओं के लिए करना चाहिए। साहित्य के लिए युवाओं में रुचि जागृत करनी होगी। वरिष्ठ साहित्यकार भगवान बाबानी ने बताया कि भोपाल के उपनगर संत हिरदाराम नगर में भगवान कला केंद्र में वे सांय कालीन सिंधी शिक्षण कक्षाएं संचालित कर रहे हैं, जिनमें युवाओं की रुचि देखने को मिल रही है। सेवानिवृत्त एडीजी पुलिस एमआर आसुदानी ने कहा कि नवीन शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले के अनुसार प्राथमिक कक्षाओं में मातृभाषा के शिक्षण, प्रशिक्षण का प्रावधान है। इसका लाभ लिया जाना चाहिए। साहित्य अकादमी भारत सरकार के सिंधी भाषा सलाहकार बोर्ड के सदस्य अशोक मनवाणी ने बताया कि भाषा के प्रति लगाव उत्पन्न करने के लिए युवाओं को प्रेरित करना चाहिए। नाटक मंचन और अन्य कलाओं से जुड़े कार्यक्रम इसमें सहयोगी हैं।

गायक और कवि नारी लछवानी ने कहा कि आज युवाओं में उच्चारण दोष ठीक करने के लिए भी मार्गदर्शन की आवश्यकता है। केटी दादलानी ने सिंधी भाषा की खूबियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में कविता इसरानी ने बताया कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारती ने आजीवन हिंदी सहित भारतीय भाषाओं के उन्नयन पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन हर्षा मूलचंदानी च्व्सरिताज्ज ने किया। इस अवसर पर रंगकर्मी सुरेश पारवानी, गुल पहलाजानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भारती आसुदानी,,गुलाब जेठानी, अशोक छाबड़िया, दिलीप लालवानी, आसुदो लछवानी, द्रोपदी चंदनानी, बल्लू चोइथानी, कन्हैया शेवानी आदि उपस्थित थे।

## पंजाबी समाज ने युवाओं को दहेज ना लेने और पेड़ लगाने की शपथ दिलाई

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल पंजाबी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन गुरुद्वारा नानक सर हमीदिया रोड में रविवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन में पूरे प्रदेश से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में उम्मीदवारों का परिचय महिला इकाई की अध्यक्ष सविता शाह और सचिव स्वीटी सेठी द्वारा दिया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष संजीव सचदेवा ने सारे प्रतिभागियों को दहेज ना लेने एवं एक-एक वृक्ष लगाने की शपथ दिलायी। वहीं वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूरे कर चुके गंभीर दंपती का सम्मान किया गया। समाज के संरक्षक कुलदीप सिंह गुलाटी, सरदार जसबीर सिंह,सरदार परमजीत सिंह ने विशेष अतिथियों सरदार परमवीर सिंह वज़ीर, सरदार तेजुकुलपाल सिंह पाली और नागपुर से पधारे पंजाबी समाज के अध्यक्ष साहनी का स्वागत किया।

**न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी.नगर भोपाल**

(7 नंबर बस स्टाप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास, शिवाजी नगर भोपाल)

प्रकरण क्रमांक 2132/अ-6/2021-22

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती दुर्गा पाण्डेय पत्नी श्री गिरिजेश कुमार पाण्डेय निवास मकान नं. एच 96 आधार शिला कालोनी बरखेड़ा पठानी जिला जिला- भोपाल म.प्र. द्वारा ग्राम- बरखेडा पठानी, भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 407, 408/2/2/1 से 407, 408/2/2/3 तक (पुराना खसरा नं 407, 408/2/2/2, 407, 408/2/2/2407,400/2/2/3) के अंशमाग में स्थित भूखण्ड क्रमांक 96 निर्मित मकान नं. एच- 96 आधार शिला कालोनी है जिसका रकवा 80.40 वर्गमीटर है भूमि का नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। वर्तमान में यह भूमि श्रीमती प्रभा शर्मा पत्नी स्व. एम. एल.शर्मा एवं अन्य के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपति इस इश्तहार जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ।निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**एम.पी. नगर वृत्त, भोपाल**

देशबन्धु

भोपाल, सोमवार 11 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## महुआ : अदानी पर सवाल पूछने की सज़ा

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की उस बात को एक बार फिर से सही साबित कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'देश में पहले क्रमांक पर गौतम अदानी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह उनके नीचे हैं।' शुक्रवार को जिस प्रकार से तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोईत्रा को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया, उससे संदेश गया है कि जो भी अदानी के खिलाफ बोलेगा, उसकी आवाज़ ऐसे ही बन्द की जायेगी। वैसे अपनी सदस्यता जाने के बाद जिस प्रकार से महुआ ने अपनी लड़ाई जारी रखने के इरादे जाहिर किये हैं और सारा विपक्ष उनके समर्थन में लामबन्द हुआ है, उससे स्पष्ट है कि महुआ को लोकसभा से निकालना मोदी के लिये महंगा साबित हो सकता है।

मोदी सरकार द्वारा जिस तरह से एक के बाद एक सारी सार्वजनिक सम्पत्तियां अदानी के हवाले की जा रही हैं, उसे लेकर राहुल गांधी लगातार हमलावर रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष सितम्बर में निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मोदी द्वारा अदानी को दिये जा रहे संरक्षण पर सवाल किये थे। बाद में उन्होंने मोदी-अदानी के रिश्तों को लोकसभा में भी उठाया था। इसके चलते गुजरात की एक अदालत में लम्बित मानहानि की याचिका के आधार पर इस साल के प्रारम्भ में राहुल की सदस्यता भी छिनी गई थी। महुआ भी मोदी सरकार के उसी कोप का शिकार हुई हैं। उन पर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया गया था। यह मामला संसद की आचार समिति (एथिक्स कमेटी) के पास विचारार्थ गया था। समिति ने उन्हें इस बात का दोषी पाया कि उन्होंने एक समूह विशेष के खिलाफ ज्यादातर सवाल पूछे और इसके लिये अपना लॉग इन पासवर्ड बाहरी व्यक्ति को दिया। शुक्रवार को करीब 500 पन्नों की रिपोर्ट लोकसभा के पटल पर रखी गई और इस पर चर्चा के लिये बहुत अल्प समय रखा गया। अनेक सदस्य मांग करते रहे कि इस पर कुछ दिनों के बाद चर्चा हो ताकि सदस्यगण प्रस्तुत रिपोर्ट का ठीक से अध्ययन कर सकें। सरकार ने यह बात नहीं मानी और सदन में अपने बहुमत के बल पर महुआ की सदस्यता रद्द कर दी।

उल्लेखनीय है कि इसके पहले जब कमेटी के समक्ष उनका बयान हुआ था, तो उनसे बेहद अशिष्ट और अशोभनीय सवाल किये गये थे जो किसी भी महिला की गरिमा के खिलाफ थे। उन्हें वकील के जरिये जिरह की अनुमति भी नहीं मिल सकी थी जो कि किसी भी आरोपी का नैसर्गिक अधिकार होता है। सदन में महुआ के पक्ष में खड़े सदस्यों ने इस प्रक्रियागत त्रुटि की ओर ध्यान दिलाया परन्तु सम्भवतः उस कमेटी ने ऐसा सायास किया था जिसमें भाजपा के सदस्यों का बहुमत है। वैसे भी इस मामले में एथिक्स कमेटी ने जिस प्रकार से सुनवाई की, उसमें कई तरह की खामियां हैं। जिस निशिकांत दुबे की ओर से यह शिकायत दर्ज की गई थी, उनका प्रतिपरीक्षण (क्रॉस एक्जामिनेशन) नहीं हुआ। इसके अलावा महुआ को अपनी बात कहने का अवसर भी नहीं मिला- न तो कमेटी के सामने और न ही लोकसभा में। इसमें सबसे बड़ी कमी तो यह है कि उनके पास से कोई नगदी या वे वस्तुएं बरामद नहीं हुई हैं, जिनके बारे में कहा गया कि सांसद ने इसके एवज में सवाल किये थे। यानी कि आरोप को सही साबित करने के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गये। फिर उनके खिलाफ आयकर, प्रवर्तन निदेशालय या सीबीआई तो दूर की बात है, पुलिस द्वारा भी अपराध दर्ज नहीं किया गया जो इसलिये होना था क्योंकि यह तो आपराधिक मामला बनता है।

बहरहाल, यह देश के सामने अब स्पष्ट हो गया है कि अदानी के बाबत प्रश्न पूछने का अर्थ है उसके लिये किसी को भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। खासकर, अगर वह ऐसे मंच से बोले जिससे अदानी को किसी भी तरह का नुकसान होने का अंदेशा हो। चूंकि संसद में उठाये जाने वाले मामलों की गूंज न केवल देश भर में वरन पूरी दुनिया में सुनी जाती है, मोदी सरकार के लिये ऐसी आवाज़ों को बन्द कराना बहुत आवश्यक हो जाता है। जब हिंडनबर्ग रिपोर्ट आई थी तो अदानी की कम्पनियों के शेयर रातों-रात नीचे गिर गये थे। जैसा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री सत्यपाल मलिक कह चुके हैं कि 'अदानी का पैसा मोदी का है और अदानी तो एक तरह से उनका मैनेजर है', यह कोई भला कैसे बर्दाश्त कर सकता है कि अदानी के बाबत कोई सवाल किये जायें?

जो कीमत पहले राहुल ने चुकाई वही अब महुआ को चुकानी पड़ रही है। जिस प्रकार पहले राहुल को सदन से निकालना मोदी व भाजपा को भारी पड़ा था, वैसे ही महुआ के मामले में भी होता दिखाई दे रहा है। सदस्यता जाने के बाद महुआ ने प्रेस के समक्ष मोदी को खुली चुनौती दी है कि वे बाहर भी अपनी लड़ाई जारी रखेंगी। जब वे मीडिया को सम्बोधित कर रही थीं, कांग्रेस की नेत्री सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित विपक्षी गठबन्धन इंडिया के कई नेता उनके साथ मौजूद थे। वहीं टीएमसी की सुप्रीमो व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने भी इसे लेकर मोदी सरकार के प्रति गुस्सा दिखाया और बड़ी लड़ाई का ऐलान किया जो बताता है कि महुआ अकेली नहीं है। महुआ एपीसोड ने सम्पूर्ण विपक्ष को एक कर दिया है। पांच में से तीन (राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) राज्यों में मिली पराजय के कारण जो कांग्रेस कमजोर दिख रही थी, इंडिया समेत वह फिर से सशक्त दिख रही है।

## अब भी राहुल सख्त नहीं हुए तो गुडबाय टाटा!

कहानी मत सुनो इनकी कहानी मालूम करो। तीन जीते हुए राज्यों को हारने के बाद कांग्रेस ने फटाफट इनकी समीक्षा बैठक कर ली। क्या नया निकला उसमें से? कुछ नहीं। जो खुद हार के जिम्मेदार हों वे क्या बताएंगे?

हम पहले भी कई बार लिख चुके हैं फिर लिख रहे हैं कि राहुल के पास नई कांग्रेस बनाने का मौका था। अब भी है। मगर वे खाली रिपेयर से काम चला रहे हैं। कांग्रेस के पास वह माध्यम ही खत्म हो गए हैं जिसके द्वारा वह अपनी बात लोगों तक पहुंचा पाए। जब मीडिया आपका साथ नहीं दे रहा। बल्कि यह कहना चाहिए कि पूरी तरह आपके खिलाफ है तो उसमें जाकर रोज अपना चेहरा दिखाने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करना चाहिए। यह प्राइवेट एजेन्सियां कांग्रेस इतना हायर करती है और पता नहीं कितना करोड़ों लेकर कांग्रेस को वह उतना ही हरवाती हैं जितना वह उनके बिना हार रही होती है। कुछ लोग तो यह भी कहते हैं कि यह उम्मीदवारों का सर्वे, विज्ञापन, प्रचार करने का ठेका लेने वाले अगर नहीं होते तो कांग्रेस के कुछ उम्मीदवार ज्यादा ही जीतते। ये जीताने वाले चुनाव विशेषज्ञ नहीं होते पैसा कमाने वाले धंधेबाज होते हैं।

अगर इनके सर्वे के हिसाब से ही टिकट मिले तो फिर टिकट बेचने की शिकायतें कहां से आ गईं? इनके लड़के और लड़कियां जो फील्ड में जाते हैं वे कौन होते हैं। दूसरे समय में वे सेल के काउंटरों पर सेल्समेन और सेल्स गर्ल का काम करते हैं। उन्हें किसी प्रोडक्ट की क्वालिटी के बारे में मालूम नहीं होता वह तो जिस चीज को आप उठाकर देखने लगो उसको कहने लगते हैं कि हां अच्छी है। ऐसे ही यह सर्वे वाले क्षेत्र में जाकर जो उनसे मिल लेता है। सेवा सत्कार कर देता है उसे सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार बता देते हैं।

मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा सर्वे का हल्ला था। और कांग्रेस सबसे ज्यादा बुरी तरह मध्य प्रदेश में ही हारी है। छत्तीसगढ़ में तो कोई कह ही नहीं रहा था कि कांग्रेस हार भी सकती है। मगर अब वहां के अख़बार टिकट बेचने की खबरों से भरे पड़े हैं। कांग्रेस के नेता खुलेआम टिकट बेचने के आरोप लगा रहे हैं। राजस्थान मध्य प्रदेश में ऐसे ही आरोप लग रहे हैं।

कांग्रेस में यह तो पुरानी शिकायत है कि जितना पैसा उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए भेजा जाता है उसमें से बड़ा हिस्सा कमीशन के नाम पर काट लिया जाता है। लेकिन इस बार एक नई शिकायत और सुनने को मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के इंतजाम के लिए 25-25 लाख रुपए हर जगह भेजे गए थे। उसमें से आधे खर्च किए जाते थे और आधे बांट लिए जाते थे। कांग्रेसी पार्टी अध्यक्ष को भी नहीं छोड़ते!

राहुल को यह सब चीजें मालूम करना चाहिए। जैसे उम्मीदवारों के सर्वे के लिए कहते हैं तीन-तीन एजेन्सियों से करवाया गया। वैसे ही हर राज्य के लिए दो या तीन लोगों को पहुंचाना चाहिए। पार्टी के। इसके अलावा राहुल को अपने आफिस के लोगों से भी थोड़ा काम लेना चाहिए।



शकील अख्तर

> कांग्रेस बिना डंडे के नहीं मान सकती। भाजपा को चाहे जितनी आलोचना कांग्रेस करे। मगर आंख खोलकर यह देख ले कि वहां मोदी जी ने कैसा सबको सतर कर रखा है। एक हफ्ते से ज्यादा वक्त तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पर माथापच्ची होती रही। मगर क्या मजाल कि कोई चूं भी कर जाए। जब देश की सत्ताधारी पार्टी का हाल ऐसा है तो कांग्रेस का अतिउदारवाद जो दरअसल ढीलापन है कैसे चलेगा!

उन्हें भी फील्ड में भेजना चाहिए कि क्या हुआ, क्या हो रहा है मालूम करके आएं। और तीसरे उन प्राइवेट एजेन्सियों से पूछना चाहिए जिन्हें इतना पैसा दिया है कि लिखित में बताओ कि क्यों हारे?

यह तीनों राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान हारने के नहीं थे। कांग्रेस जीती हुई बाजी हारी है। दोषी कौन है? वही जो जीत जाते तो इसका श्रेय लेते। मध्य प्रदेश में कमलनाथ, राजस्थान में गहलोत और पायलट एवं छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव। यही तो गाल बजाते। 2018 में यही तो किया था। राहुल को एक रत्ती जीत का श्रेय नहीं दिया था। अब हारे हैं तो मानें अपनी गलतियां। क्या किसी ने कहा कि मैं इस्तीफा देता हूं?

मैं अपना अहंकार, गुटबाजी में लगे रहना, आत्ममुग्धता स्वीकार करता हूं? तीनों राज्यों की रिव्यू मीटिंग हो गई। कहीं पश्चाताप के स्वर सुनाई दिए। दिग्विजय ने 2003 की हार के बाद दस साल तक कोई पद नहीं लिया था। क्या इनमें से कोई ऐसा है जो एक साल भी बिना पद के रह सके?

कांग्रेस बिना डंडे के नहीं मान सकती। भाजपा को चाहे जितनी आलोचना कांग्रेस करे। मगर आंख खोलकर यह देख ले कि वहां मोदी जी ने कैसा सबको सतर कर रखा है। एक हफ्ते से ज्यादा वक्त तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पर माथापच्ची होती रही। मगर क्या मजाल कि कोई चूं भी कर जाए। जब देश की सत्ताधारी पार्टी का हाल ऐसा है तो कांग्रेस का अतिउदारवाद जो दरअसल ढीलापन है कैसे चलेगा! महाजन येन गतःस पंथाः। इस समय का मार्ग यह ही है। और कांग्रेस भाजपा का क्यों माने? खुद उसकी नेता इन्दिरा गांधी सत्ता की मजबूत केन्द्र थीं। जिस राजस्थान में गहलोत और पायलट लड़ते रहे और राहुल कोई फैसला नहीं कर पाए। वहां इन्दिरा गांधी ने मोहनलाल सुखाडिया और हरिदेव जोशी जैसे नेताओं के बीच में से बरकतउल्लाह खान जैसे सामान्य कांग्रेसी को मुख्यमंत्री बना दिया था। और ऐसे ही जोशी और शिवचरण माथुर के झगड़े के बीच में से दलित जगन्नाथ पहाड़िया को मुख्यमंत्री बनाया था।

तो इन्दिरा ऐसे सख्त फैसले लेकर ही कांग्रेस की नेता बनी रह पाईं। हम उससे पहले 1969 का जिक्र नहीं कर रहे जहां इन्दिरा ने और कठिन फैसले लिए थे। इन्दिरा के टाइम में टिकट बेचने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता था। जैसे आज मोदी के समय में कोई सोच भी नहीं सकता। इतनी सख्ती तो जरूरी है। यूपी और बिहार में टिकट बेचने की हर बार कहानी आती है। और वहां कांग्रेस की हार का यह एक प्रमुख कारण है। मगर आज तक वह दलाल पकड़े नहीं गए।

क्या राहुल और प्रियंका को मालूम है कि कांग्रेस मुख्यालय में उनके बारे में कैसी बातें की जाती हैं। बाहर सोशल मीडिया, गोदी मीडिया और भाजपा के आईटी सेल में जो बातें आती हैं उनका उद्गम कांग्रेस से ही होता है। राहुल और प्रियंका की यह क्या मजबूरी है जो वे उपहास करने वाले चरित्रहनन करने वाले कांग्रेस के स्टाफ से लेकर पदाधिकारियों तक को सह रहे हैं? यहां तक कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी के साथ लगा दिए गए किस आदमी की निष्ठा कहां है यह किसी को क्या मालूम है? कुछ हजारों पर बिक जाने वाले लोग करोड़ों तो छोड़िए लाखों पर क्या-क्या कर सकते हैं इसकी क्या कांग्रेस नेतृत्व को खबर है?

आज राज्यसभा सदस्य धीरज साहू की चर्चा है। कांग्रेस कहती है हमसे कोई मतलब नहीं। अच्छा तो फिर इसे राज्यसभा सदस्य किसने बनाया था? राहुल सिर्फ यही पूछ लें कि 2008 में किसके कहने से इसे राज्यसभा दी गई थी? सीधा मैसेज चला जाएगा कि राहुल सब जानना चाहते हैं। सब लाइन में आ जाएंगे।

बाकी कांग्रेस स्वतंत्र है। जैसे 2012 के बाद से एडाकहिज्म (तदर्थवाद) पर चल रही है। वैसे अपने खत्म होने तक चल सकती है। राजनीति में शून्य (वैक्यूम) तो होता नहीं। कोई दूसरी पार्टी जगह भर देगी। लेकिन अगर कांग्रेस नहीं सुधरी तो उसे 2024 लोकसभा में भी कोई उम्मीद नहीं रखना चाहिए। आधे अधूरे मन से राजनीति करने का अब समय नहीं है। यह सोनिया गांधी और वाजपेयी के दौर में चल गया। अब मोदी का समय है। कठिन समय। अव्यवस्थित, अनुशासनहीन, निजी स्वार्थों में घिरी फौज के सहारे राहुल मोदी के एकछत्र नेतृत्व से नहीं लड़ सकते।

सख्ती करना होगी। सख्त दिखना होगा। अंग्रेजी का मुहावरा है हेड्स विल रोल! सिर लुढ़कते हुए दिखना चाहिए। मतलब शाब्दिक नहीं। मतलब यह है कि गुनाहगार सज़ा पाते हुए दिखना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

## इंडिया ब्लॉक में अभी भी है भाजपा से मुकाबले की क्षमता

■ नित्य चक्रवर्ती

राज्य विधानसभाओं के चुनाव परिणामों के विश्लेषण से पता चलता है कि कांग्रेस ने तीन हिंदी भाषी राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इतना बुरा प्रदर्शन नहीं किया है, जैसा कि राष्ट्रीय मीडिया में प्रस्तुत किया जा रहा है। दरअसल 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इन तीन राज्यों की कुल 65 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2023 के राज्य विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपनी स्थिति में काफी सुधार किया है, हालांकि उम्मीदों से वह अभी भी काफी कम है।

इसका मतलब यह है कि आने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और उसके सहयोगियों का काम कठिन हो गया है, लेकिन फिर भी यह एक मुकाबले की दौड़ बनी रहेगी, बशर्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन में सहयोगी राजनीतिक पार्टियां राज्य चुनाव परिणामों से सही सबक ले, सुधारात्मक उपाय करे, और व्यापक चुनावी दंगल में कूद पड़े। साथ ही लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को आकर्षित करने वाले कार्यक्रम के साथ आधारित जन अभियान चलाये।

विपक्षी दलों के लिए अभी समय महत्वपूर्ण है। जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, लोकसभा चुनाव इस साल मार्च और अप्रैल में होने की संभावना है। पूरी संभावना है कि घोषणा फरवरी के दूसरे सप्ताह में की जायेगी और मतदान मार्च 2024 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगा। 2019 में, चुनाव की घोषणा 10 मार्च को की गई थी, मतदान 11 अप्रैल को शुरू हुआ और 19 मई को सात चरणों में समाप्त हुआ। परिणाम 23 मई को घोषित किये गये।

> भाजपा की इस बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, इंडिया गठबंधन को बिना समय गंवाये पूरी एकजुट ताकत के साथ महासंग्राम के लिए खुद को तैयार करना होगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में महज तीन महीने बचे हैं। सीट बंटवारे की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रम पर निर्णय लेने के लिए बैठक न करके इंडिया ब्लॉक द्वारा काफी समय बर्बाद किया गया है। राज्य चुनावों के बाद पहली पूर्ण बैठक अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के लिए, 2019 के कार्यक्रम की तुलना में लोकसभा चुनावों को एक महीने पहले करना दो कारकों पर आधारित है। सबसे पहले अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया जायेगा। उद्घाटन का संदेश पूरे देश में पहुंचाने के लिए भाजपा और संघ परिवार ने पहले ही बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की घोषणा कर दी है। आरएसएस द्वारा निर्देशित यह अभियान 2024 के लोकसभा चुनावों के अभियान के साथ-साथ देश के दूरदराज के हिस्सों तक अपनी पहुंच बनायेगा।

दूसरा, नरेंद्र मोदी सरकार 2024-25 के लिए अंतरिम बजट फरवरी के पहले सप्ताह में पेश करने वाली है, संभवतः 1 फरवरी को। प्रधानमंत्री महिलाओं, युवाओं और आदिवासियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के सलाहकार प्रस्तावित योजनाओं की संरचना पर काम कर रहे हैं जिनमें लक्षित आबादी के बीच तुरंत प्रभाव डालने की क्षमता हो सकती है। इसलिए हिंदुत्व और कल्याणवाद का यह संयोजन जिसने प्रधानमंत्री और भाजपा को नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों में अच्छा लाभांश दिया है, 2024 के चुनावों में मतदाताओं से अधिकतम समर्थन प्राप्त करने के लिए इसे और अधिक तेज और केंद्रित किया जायेगा।

भाजपा की इस बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, इंडिया गठबंधन को बिना समय गंवाये पूरी एकजुट ताकत के साथ महासंग्राम के लिए खुद को तैयार करना होगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में महज तीन महीने बचे हैं। सीट बंटवारे की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रम पर निर्णय लेने के लिए बैठक न करके इंडिया ब्लॉक द्वारा काफी समय बर्बाद किया गया है। राज्य चुनावों के बाद पहली पूर्ण बैठक अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है। इस बैठक में चुनावी रणनीति की प्रक्रिया शुरू होनी है ताकि 2024 के चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए सहयोगियों के बीच अधिकतम एकता हासिल की जा सके।

एक बात का ध्यान रखना होगा। वन ऑन वन फॉर्मूला राष्ट्रीय स्तर पर लागू नहीं होता। यह राज्य विशिष्ट होना चाहिए। वहां पहले से ही एक निर्धारित पैटर्न मौजूद है। नवीनतम घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए इसे परिष्कृत किया जाना चाहिए। सीट बंटवारे की बातचीत पहले राज्य स्तर पर शुरू की जानी है लेकिन इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए कुछ केंद्रीय कोर टीम की आवश्यकता है क्योंकि राज्य स्तर पर प्रत्येक राजनीतिक दल के नेता को अपनी पार्टी के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखना होगा, इसलिए मतभेद स्वाभाविक होंगे। राज्य इकाइयों को केंद्रीय निर्देश से ही इससे बचा जा सकता है।

सीट बंटवारे के फॉर्मूले की बारीकियों की बात करें तो राज्यों को तीन व्यापक श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है- पहला, वे राज्य जहां कांग्रेस भाजपा से लड़ने वाली मुख्य राजनीतिक पार्टी है, दूसरे, वे राज्य जहां क्षेत्रीय दल मुख्य चुनौती दे सकते हैं, और तीसरा जहां पहले से ही इंडिया गठबंधन की पार्टियों का गठबंधन काम कर रहा है। इसके अलावा, उत्तरपूर्व के राज्यों और जम्मू और कश्मीर भी हैं जो एक अलग श्रेणी के हैं।

जहां तक पहली श्रेणी का संबंध है, कांग्रेस इंडिया गुट में प्रभुत्व वाली पार्टी है। इसलिए, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल, हरियाणा, कर्नाटक, तेलंगाना, ओडिशा में हालिया विधानसभा चुनावों से सबक लेते हुए कांग्रेस मध्य प्रदेश में सपा और राजस्थान में सीपीआई (एम) के साथ कुछ समायोजन के बारे में सोच सकती है। छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में कांग्रेस सीपीआई के साथ कुछ समायोजन कर सकती है। लेकिन यह ध्यान में रखना होगा कि इंडिया गठबंधन की अन्य पार्टियाँ अपने-अपने समर्थन आधार के मामले में इन राज्यों में बहुत छोटी हैं। गैर-कांग्रेसी दलों को अपनी मांगों के मामले में व्यावहारिक होना चाहिए।

ओडिशा में कांग्रेस सीपीआई और सीपीआई (एम) के साथ तालमेल बिठा सकती है। दोनों वाम दलों के साथ यह गठबंधन राज्य में बीजद और भाजपा दोनों से लड़ने में भारतीय गुट के लिए मददगार होगा। ओडिशा में भाजपा फिर से उभरने की संभावना रखती है। यदि संभव हो तो कुछ सीमांत सीटों पर भाजपा को हराने के लिए बीजद के साथ भी समझौता किया जा सकता है।

दूसरी श्रेणी के राज्यों में, बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस भाजपा के लिए निर्विवाद रूप से मुख्य चुनौती है। सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा राज्य में भाजपा और टीएमसी दोनों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। अब सवाल यह है कि क्या कांग्रेस टीएमसी के साथ गठबंधन करेगी या सीपीआई (एम) नेतृत्व वाले फ्रंट के साथ रहेगी। कांग्रेस को इस पर जल्द फैसला करना चाहिए। किसी भी स्थिति में, बंगाल में ममता बनर्जी 2024 के चुनावों में भाजपा की लोकसभा सीटों को 2019 के 18 के आंकड़े से काफी कम करने की स्थिति में हैं।

दिल्ली और पंजाब आम आदमी पार्टी द्वारा शासित दो राज्य हैं जबकि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। पंजाब में भाजपा की हालत खराब है लेकिन दिल्ली में वह फिर से उभर रही है। दिल्ली में भाजपा को हराने के लिए आप और कांग्रेस का गठबंधन बेहद जरूरी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सात सीटें मिली थीं।

इसी तरह, उत्तर प्रदेश में, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव राज्य में भाजपा विरोधी लड़ाई में प्रमुख व्यक्ति हैं, जो लोकसभा में 80 सांसद भेजता है। इस बार उत्तर प्रदेश से इंडिया गठबंधन को अपने सांसदों की संख्या बढ़ना जरूरी है। सपा को अपना एक मोर्चा मिल गया है और वह कांग्रेस द्वारा सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू होने का इंतजार कर रही है। कांग्रेस को जमीन पर अपनी वास्तविक ताकत के आधार पर बातचीत करनी होगी। पार्टी को यह समझाना होगा कि उसे जीत के लिए सपा पर निर्भर रहना होगा। इंडिया ब्लॉक को उत्तर प्रदेश में सफल सीट बंटवारे की व्यवस्था के लिए शरद पवार या नीतीश कुमार जैसे किसी अनुभवी को नियुक्त करना चाहिए। भाजपा ने 2024 चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से 75 सीटों का लक्ष्य रखा है। इंडिया ब्लॉक को इस आंकड़े को काफी हद तक कम करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि अधिकतम भाजपा विरोधी वोट इंडिया पार्टियों को जायें।

केरल में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे। वहां भाजपा कमजोर है। केरल से लोकसभा में उसकी एक भी सीट नहीं है। सभी 20 सीटें इंडिया ब्लॉक को मिलेंगी, भले ही किसी भी मोर्चे को मिलें।

तीसरी श्रेणी के लिए, भारत के नेतृत्व वाली पार्टियों के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारें तमिलनाडु, बिहार और झारखंड में काम कर रही हैं। गठबंधन का पैटर्न तय है, केवल मामूली समायोजन किया जा सकता है। बिहार में महागठबंधन को सीपीआई (एमएल) लिबरेशन को कम से कम दो सीटें और सीपीआई को एक सीट देने पर विचार करना होगा। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव दोनों लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक को ज्यादा से ज्यादा सीटें दिलाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन पर भरोसा किया जा सकता है। तमिलनाडु और झारखंड दोनों ही राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर कोई दिक्कत आने की उम्मीद नहीं है।

चूंकि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार का समय कम है, इसलिए इंडिया ब्लॉक को जल्द से जल्द अपने सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर एक संयुक्त अभियान की संभावना तलाशनी चाहिए। वास्तव में, कांग्रेस को दूसरी भारत जोड़ो यात्रा को इंडिया ब्लॉक की ओर से लोकसभा मतदाताओं के लिए जरूरी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने वाली यात्रा में बदलने के बारे में सोचना चाहिए। जनता में यह धारणा होनी चाहिए कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां एक साथ हैं और एक साथ रहेंगी। एकजुट होकर हम उठते हैं, विभाजित होकर हम गिरते हैं। इसे लोकसभा चुनाव से पहले शेष महीनों के दौरान इंडिया गठबंधन की पार्टियों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

## गुरवाणी विचार

### तुम करो दया मेरे साईं

काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा-इन ते आप छड़ावहो।
इह भीतर ते इनको डारहो, आपन निकटि बुलावहो।
अपनी विधि आप जनावहो, हरि जन मंगल गावहो।
बिसर नाही कबहुं हीये ते इह विधि मन माहि पावहो।
गुरु पूरा भेटिओ वडभागी जन नानक कतहि धाहो।

गुरवाणी की यह पंक्तियां सोरठ राग से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 617 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक अर्जुन देवजी समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि हे प्रभु काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा इत्यादि जो बेकार हैं। इन सब से मुझे छुड़ा कर अपने चरणों में ले लेवें। ये पांच विकार हमें अपने वश में करना चाहते हैं और हर वक्त हम पर हावी होते रहते हैं। इनसे पूर्णरूप से तो छुटकारा नहीं पाया जा सकता पर प्रभु कृपा हो जाने पर इन पर काबू पाया जा सकता है और यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष कृपा हो जाए। थोड़े-थोड़े रूप में हमें इन विकारों की भी जरूरत रहती है। अपने और अपने परिवार का उदर-पोषण करने हेतु धन की आवश्यकता होती है इसलिए लोभ और मोह थोड़ी मात्रा में जरूरी है अगर हम बिलकुल शांति से रहना चाहेंगे तो दुनिया हमें जीने नहीं देगी सांप अगर शांत रहे तो लोग पत्थर मार-मार कर अधमरा कर देंगे। इसलिए उसको भी फुंफकारना पड़ता है। अपनी रक्षा करने हेतु इसलिए हमें भी थोड़ी मात्रा में क्रोध की आवश्यकता होती है पर अधिक क्रोध अच्छा नहीं होता। इसलिए प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए इन पांचों बटमारों को हम तभी वश में कर पाएंगे जब हम पर प्रभु परमात्मा की कृपा हो जाएगी। इसलिए हमें प्रभु परमात्मा अपना वरदहस्त रख देवें ताकि हम इनसे निजात पा लेवें।

तुम करो दया मेरे साईं,
ऐसी मति दीजै मेरे ठाकुर
सदा सदा तुझ घिआई।

प्रभु परमात्मा अपने भक्तों की स्वयं देखरेख करते रहते हैं और उन्हें प्रेरणा देते रहते हैं कि वे इस तरह साध संगत में जाकर प्रभु सिमरन में मन रमाएं।

अपने सेवक की आपे राखे आपे नाम जपावें।
जै जै कार किरत सेवक की ताहि ताहि उठ धावैं।

इस समस्त संसार की रचना प्रभु परमात्मा ने की है और रचना करने के बाद हर एक में विराजमान रहकर अपनी-अपनी गतिविधि का निरीक्षण करता रहता है। सुनार सोने के गहने बनाने तक या उसके बिकने तक ही उसमें मोह रखता है पर पभु अपनी रचना के अंदर हर वक्त बिराजमान रहता है।

घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार।

इसलिए हमें चाहिए कि हम हर वक्त उस प्रभु परमात्मा की सिफत सलाह के गीत गाते रहें अर्थात उसकी सिमरन बंदगी में जुड़े रहें पर हमारे बहुत ही अच्छे भाग्य हों तभी हमारे मन की ऐसी स्थिति बन पाएगी। जब हमारे मन से मैं मैं की भावना खत्म हो जाएगी और जो किछ किया सो तूं किया ऐसी स्थिति बन जाएगी तभी हमारा कल्याण हो पाएगा। इसी बात को भक्त कबीर दास जी इस तरह समझा रहे हैं-

कबीर मैं मैं करता तूं हुआ।
मुझमें रहा न मुआ।।
जब आपा परका मिट गया जहां देखां तां तूं।।

इसलिए हमें मानव जीवन पाने का पूर्णरूप से लाभ उठाते हुए सब तरफ से ध्यान हटाकर प्रभु सिमरन में मन लगाए रखना चाहिए। अपना और अपने परिवार का उदर पोषण हेतु कार-विहार भी करना है। पर मन हर वक्त प्रभु परमात्मा से जोड़े रखना है।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### शराब कारोबारी और राज्यसभा सांसद से अकूत संपति मिलना आश्चर्यजनक

भ्रष्टाचार में डूबे और अकूत संपति के मालिक की करतूत देश ने अपनी आंखों से देखी है। तीन सौ करोड़ से ज्यादा के कैश गिन चुके आयकर अधिकारियों को और नकद मिले हैं जिसकी गिनती और आगे चलेगी। प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाना चाहते हैं। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर तिजोरियां भरने वाले की देश में कमी नहीं है। सरकारी फरमान आते ही टैक्स चोरी की रकम सरकार को लौटानी ही पड़ती है। धीरज साहू ने हलफनामे में अपनी संपति का हवाला देते हुए 34.83 करोड़ रुपए बताया था। जांच एजेंसियों ने इस पर संज्ञान लेकर कई सबूतों के बाद उनके हर जगह रेड कर अकूत संपति पकड़ी है। जिस पार्टी के साथ तालुक है उसने सफाई में एक शब्द नहीं बोला है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद की मोटी रकम पकड़ी गई है उसके बाद कांग्रेस ने धीरज साहू के बारे में एक शब्द तक नहीं बोला है। धीरज साहू कांग्रेस की छत्रछाया में राज्यसभा पहुंच गए। दो नम्बर की अकूत संपति एकत्रित कर टैक्सचोरी करने वाले धीरज साहू को पुलिस संरक्षण की आवश्यकता होने के कारण राज्यसभा सदस्य बने हैं। क्योंकि ऐसे नेता बनकर सरकार से सुरक्षा प्रदान कर लेते हैं। झारखंड में पूजा के यहां से 17 करोड़ की नकदी मिली थी। पार्थ चटर्जी की महिला मित्र के यहां से 50 करोड़ की रकम मिली थी। ये तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी की पार्टी से जुड़े हुए थे। उनके पास महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जांच एजेंसियों ने बरामद किए थे। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हुआ है। ये सफाई देकर अपने आप को ईमानदार बताते हैं लेकिन इन लोगों से बेईमान कोई है जो देश में भ्रष्टाचार की वैतरणी पार करने में आगे रहते हैं। कारोबार करने से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन आयकर नहीं चुकाने वाले को क्या नाम दिया जाए?

### ज्वालामुखी से सूर्य के तापमान को कम करने का उपाय मिला

धरती के तापमान को कम कर जलवायु परिवर्तन पर काबू पाने के लिए हमारे वैज्ञानिक एड़ी चोटी का जोर लगाकर प्रयास में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। सूर्य की गर्मी से धरती को बचाने की पहल करके वैज्ञानिक सिद्धि प्राप्त करने में सफ़ल होते जा रहे है। 2022 से धरती पर 1.26डिग्री तापमान बढ़ने से जीवन दूभर होता जा रहा है। यहां तक पशु-पक्षियों की हालत खराब हो गई थी। गर्मी के कारण पशुजगत की भी हालत बहुत खराब हुई, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है।वैज्ञानिकों की यह बड़ी सिद्धि की और बढ़ते कदम है। यह सिद्धि दुनिया के ललाट पर लिखने जा रहे हैं। धरती के तापमान को घटाने की खबर पढ़ने-सुनने से तर्कवादी सड़क पर आ जाते हैं लेकिन यह सत्य और मानने योग्य इसलिए है कि यह दुनिया के महान वैज्ञानिकों की सिद्धि है। कदम-कदम पर शोधकर्ताओं द्वारा उपलब्धि हासिल कर सफलता हासिल की है। इस पर वैज्ञानिक स्तर पर बहुत विचार विमर्श हो रहा है। इस पर शोध कार्य चल रहा है। ज्वालामुखी फटने से इसका आइडिया आया था जिससे वैज्ञानिकों ने शोध शुरू कर दी है। इसमें सफलता के करीब हैं। बढ़ते तापमान पर शोधकर्ताओं का विचार है कि 2030 तक धरती का तापमान 2.5 डिग्री तक बढ़ सकता है। इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने की घटना सामने आई थी। 1815 में घटना घटित हुई थी और दूसरी घटना 1991 की साल में फिलीपाइन्स में बनी थी। ज्वालामुखी फटने के बाद थोड़े समय मे ग्लोबल टेम्परेचर घटा था। ज्वालामुखी विस्फोट होता है तो वायुमंडल में जम जाता है। ज्वालामुखी विस्फोट करके आर्टिफिशियल घुमस पैदा करने में वैज्ञानिक सफल होते दिखाई दे रहे हैं जिससे धरती की गर्मी को कम किया जा सकता है। बढ़ते तापमान से धरती पर जनजीवन पर सीधा असर पड़ता है। दूसरी तरफ अनहोनी की संभावना है। दुनियाभर की प्रजाति अपने-अपने स्तर बदलाव की तरफ बढ़ रही है। विश्व के वैज्ञानिक इस उपलब्धि की तरफ कदम बढ़ा चुके हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### पोलियो दवा पिलाई



**सिरोंज, देशबन्धु।** पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। वार्ड क्रमांक 2 की आंगनबाड़ी पर भाजपा नेता सचिन शर्मा ने बच्चों को दवाई पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

### धान उपार्जन की समस्याएं दूर करेगी जिला स्तरीय समिति

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान आने वाली कठिनाईयों के निराकरण हेतु कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जिला लीड बैंक अधिकारी, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता रायसेन, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी रायसेन, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायसेन, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड रायसेन, जिला प्रबंध मप्र वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन रायसेन, जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड रायसेन, अधीक्षक भू-अभिलेख रायसेन तथा सचिव कृषि उपज मण्डी जिला मुख्यालय रायसेन को सदस्य बनाया गया है।

रामलीला समिति की बैठक में आयोजन को लकर हुई चर्चा

## 18 को पूजन के साथ शुरू होगा रामलीला मेला, चल रही तैयारियां



**सांची, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामलीला समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले रामलीला मेले की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। इस आयोजन में जहां रामलीला का मंचन किया जाता है वहीं मेला आयोजित किया जाता है जो भव्य होता है।

इस कार्यक्रम को लेकर पहले भी रामलीला मैदान में रामलीला समिति की बैठक आयोजित की जा चुकी है तथा रामलीला को भव्यता प्रदान करने आज फिर बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में मेले में भव्य आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि मेले का शुभारंभ 18 दिसंबर को भगवान गणेश की स्थापना के साथ पूजा अर्चना कर किया जाएगा। मेले का समापन 5 जनवरी 2024 को होगा। रामलीला समिति के अनुसार 19 दिसंबर को रामलीला में शिव विवाह, नारद मोह का मंचन होगा। 20 दिसंबर को भगवान राम जन्म, विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध, यज्ञरक्षा का मंचन होगा। 21 दिसंबर को अहिल्या उद्धार जनकपुर भ्रमण वाटिका मिलन की लीला का मंचन किया जाएगा। 22 दिसंबर धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद, 23 दिसंबर राम बारात एवं राम विवाह, 24 दिसंबर कैकयी के दो वरदान श्री राम वनवास की लीला मंचन, 25 दिसंबर केवट संवाद दशरथ मरण भरत मिलाप एवं 26 दिसंबर पंचवटी वास सूपर्णखा नाक कान भंग खर-दूषण वध, 27 दिसंबर सीता हरण जटायु उद्धार, 28 दिसंबर शिवरी मिलन सुग्रीव मेत्री बाली वध, 29 दिसंबर माता सीता की खोज लंका दहन, 30 दिसंबर विभीषण शरणागति सेतु बंध शिव स्थापना अंगद रावण संवाद, 31 दिसंबर लंका पर आक्रमण सेना युद्ध लक्ष्मण शक्ति एवं 1 जनवरी सेना युद्ध कुंभकर्ण वध एवं 25 फिट लंबे कुंभकर्ण पुतला दहन, 2 जनवरी सेना युद्ध मेघनाद वध, 3 जनवरी सेना युद्ध अहिरावण वध 4 जनवरी नारायनतक वध, श्री राम रावण युद्ध एवं रावण वध विभीषण राज्याभिषेक तथा 5 जनवरी राम राज्याभिषेक के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो जायेगा। इस रामलीला में नगर के ही युवा विभिन्न पात्रों की भूमिका में अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं इस कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। इस कार्यक्रम का आंनद देश-विदेश के पर्यटक भी उठाते दिखाई देते हैं। इस मेले में बाहरी दुकानदार विभिन्न सामग्री की दुकान लगाते हैं। कार्यक्रम में नगर परिषद प्रशासन द्वारा सफाई, पानी व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्था सुचारू बनाने, विद्युत मंडल कर्मचारी बिजली व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था सुचारू बनाने में पुलिस प्रशासन सहयोग करता है।

## पथरिया मंडल में सबसे अधिक वोटों से जीत पर मुख्यमंत्री से मिले भाजपा कार्यकर्ता



**सिरोंज, देशबन्धु।** पथरिया मंडल के दो दर्जन भाजपा कार्यकर्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिले। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर की गई मेहनत एवं परिश्रम के दम पर मिली ऐतिहासिक जीत को लेकर उन्हें अवगत कराया।

पूर्व मंडल अध्यक्ष भगत सिंह रघुवंशी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान कुरवाई विधानसभा की ऐतिहासिक जीत पर मुख्यमंत्री चौहान को बधाई दी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई मेहनत से उन्हें अवगत कराया। इस बार कार्यकर्ताओं की दम पर कुरवाई विधानसभा के पथरिया मंडल में अब तक की सबसे बड़ी 7200 वोटों की ऐतिहासिक जीत हुई है। मुख्यमंत्री ने मंडल के सभी कार्यकर्ताओं से बात कर क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी ली। वही उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई एवं आभार माना। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतम सिंह रघुवंशी, नरेंद्र पालीवाल, प्रमोद रघुवंशी, मोहित रघुवंशी, सरपंच लेखराज सिंह पाल, सुरेंद्र रघुवंशी सुरजन सिंह यादव, भवानी सिंह कुर्मी, शिवराज सिंह रघुवंशी, रघुनाथ लोधी, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद थे।

## रेशम केन्द्र के पास खेत में मिले टाइगर के पदचिन्ह

**रायसेन देशबन्धु।** जिला मुख्यालय स्थित रेशम केन्द्र के पास एक खेत में टाइगर मेल के पदचिन्ह मिले है। बताया जा रहा है कि रात के समय टाइगर खेत से निकलकर जंगल की ओर गया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात को भी पाटनदेव स्थित पोल फैक्ट्री में टाइगर दिखने की खबर आई थी। जानकारी के अनुसार रेशम केन्द्र के पास गोटर सिंह कुशवाह का खेत है इस खेत पर प्रतिदिन की तरह रविवार की सुबह गोटर सिंह अपने साथियों के साथ खेत पर पहुंचे। खेत की मिट्टी देख रहे थे कि तभी यह पदचिन्ह दिखाई दिए जिसकी जाकारी वनविभाग को दी गई। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने वन विभाग की एक स्पेशलटीम भेजकर पदचिन्हों की जांच कराई। वन विभाग की स्पेशल टीम ने पीओपी पर पदचिन्हों के निशान ले लिए है जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। वन विभाग की स्पेशल टीम के मुताबिक पदचिन्ह व्यस्क टाइगर के है, हालांकि वह अभी स्पष्ट कुछ भी कहने से इंकार कर रहे है।



## अतिथि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक



**सिरोंज, देशबन्धु।** जिले के अतिथि शिक्षकों की समस्या को लेकर जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाहा के नेतृत्व में हाई स्कूल में अतिथि शिक्षक संघठन समिति मप्र की बैठक अयोजित कि गई। जिसमें कुरवाई, लटेरी, सिरोंज, नटेरन, शमशाबाद ब्लॉक के अतिथि शिक्षक उपस्थित हुए। सभी अतिथि शिक्षकों ने अपनी अपनी समस्याएं रखी। जिस पर जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाहा द्वारा सभी अतिथि शिक्षकों आश्वत करते हुए कहा गया कि आपकी लड़ाई पूरी ताक़त से लड़ी जाएगी। किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे 2 सितंबर 2023 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल में अतिथि शिक्षकों की महापंचायत में जो घोषणा की गई थी उनको पूरा कराने तक पीछे नहीं हटेंगे,वहीं तहसील अध्यक्ष गोविन्द सिंह चौहान द्वारा सर्व सहमती से निम्न मांगों को लेकर विदिशा कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपने की बात रखी। जिला संरक्षक हीरालाल जैन द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अतिथि शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

## हर वर्ग और जन-जन के कवि थे बक्शी: तारण

कवि कृष्णा बक्शी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** नगर के सुप्रसिद्ध कवि श्री कृष्णा बक्शी का विगत दिनों देहावसान हो जाने के कारण उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समर्पित करते हुए एक विचार गोष्ठी परिचर्चा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा ज्ञानदीप विद्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ साहित्यकार, समाजसेवी, युवा कवि, गणमान्य नागरिक सहित उनके शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने स्व. कृष्ण बक्शी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लेकर परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नगर के वरिष्ठ साहित्यकार, साहित्यकार संघ के संरक्षक, एडवोकेट चंद्र कुमार तारण ने कहा मेराकृष्ण बक्शी और उनके परिवार से प्रारंभिक तौर से लगाव रहा। उनकी रचनाओं और रचना धार्मिकता को करीब से समझा और सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। वे हर वर्ग और जन-जन की भावनाओं के कवि थे और हर वर्ग को लेकर उन्होंने अपनी रचनाएं लिखी। किसान, गरीब ,मजदूर ,युवा, महिलाएं सहित उन्होंने समाज के हर वर्ग की वास्तविक स्थिति को अपनी रचनाओं के माध्यम से अभिव्यक्त किया।




राष्ट्रीय कवि संगम मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष युवा कवि आशीष दुबे ने उनके जीवन परिचय से युवा पीढ़ी को परिचित कराते हुए बताया कि उनका जन्म अविभाजित भारत के रावलपिंडी में 15 अक्टूबर 1942 को हुआ और उन्हें विषम परिस्थितियों में गंजबासौदा में आकर रहना पड़ा। उन्होंने नगर में फोटोग्राफर के रूप में अपना स्टूडियो प्रारंभ किया वह पेंटिंग कला में भी पारंगत रहे और प्रगतिशील लेखक संघ के संस्थापक कवि के रूप में रहे, आपके प्रमुख प्रकाशन हवा बहुत तेज है 1980, एक भाषा है नदी की 1986, जमीन हिल रही है 1992, रंग बोलता है 2009, आपके प्रमुख गजल संग्रह रोशनी बेताब है 2002, सवालों की दुनिया 2018, चलो ढूंढे अपने जवाब 2022 ,प्रमुख रूप से रहे। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि उनके बचपन से ही उनका जुड़ाव कृष्ण बक्शी से रहा और जो की उनके जीवन पर्यंत रहा। उनसे जुड़े अनेक संस्मरण भी उन्होंने युवा साथियों से साझा किए। नगर के युवा कवि नीलेश चतुर्वेदी धांसू ने बताया कि बक्शी जी ने प्रसिद्ध कवि सम्मेलन एवं मुशायरों में अपनी रचनाओं का पाठ किया एवं उन्हें कई प्रसिद्ध पुरस्कार जैसे मुकुट बिहारी सरोज पुरस्कार , मध्य प्रदेश राष्ट,भाषा प्रचार समिति द्वारा हरिहर निवास द्विवेदी सम्मान, शब्द शिल्पी सम्मान ,स्वामी विवेकानंद सम्मान ,नगर धरोहर सम्मान सहित अनेक सम्मानों से उन्हें सम्मानित किया गया, वे सकारात्मक के कवि थे जिन्होंने हमेशा युवा कवि साथियों को आगे बढ़ने का कार्य किया।

राष्ट्रीय कवि संगम के जिला उपाध्यक्ष युवा कवि शुभम रघुवंशी ने उनको समर्पित कविता जो दिल में समा जाते हैं वही बहुत याद आते हैं का वाचन किया, युवा कवि एवं राष्ट्रीय कवि संगम नगर अध्यक्ष मोहित भार्गव ने कहा कि युवा पीढ़ी को उनकी रचनाओं से सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी वह हमेशा याद किए जाएंगे। युवा कवि पियूष योगी ने कहा कि हम सभी उनके बताए हुए मार्ग पर सदैव चलने का प्रयास करेंगे। कवि धर्म सिंह मालवीय ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रचना समर्पित की। इस अवसर पर हरिनारायण दुबे, महेंद्र भार्गव, ध्रुव शर्मा बेचैन कमलेश बंसल , रामनारायण नरवरिया ,रवि शर्मा ,प्रकाश अहिरवार, सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## भूमि अधिग्रहण के साथ तेजी से किया जा रहा 9 किमी लंबे बाइपास का निर्माण

**छतरपुर, हरपालपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार के परिवहन मंत्रालय से झांसी मिर्जापुर नेशनल हाइवे पर हरपालपुर में एक अरब 14 करोड़ की लागत से 9.607 किमी लंबा बाइपास बनना शुरू हो गया है। इसके लिये भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों का जल्दी से जल्दी निराकरण करके जरूरी सभी औपचारिकताओं सहित निर्माण प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। जिससे समय सीमा में काम पूरा किया जा सके है। उल्लेखनीय है कि हरपालपुर नगर के बीच से गुजरने वाले हाईवे के कारण यहां दिन में कई बार जाम लगने की समस्या सालों पुरानी है। अक्सर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के कारण कई लोग बेमौत मारे गए और कई अपंग हो गए। इस समस्या के समाधान के लिए हरपालपुर से होकर मप्र की सीमा से उप्र की सीमा तक बाईपास मार्ग बनाने की मांग लंबे समय से बनी थी। लंबे इंतजार और जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस मामले में रूचि लेने से आखिरकार बाईपास रोड निर्माण की योजना सहित बजट को मंजूरी मिल ही गई और अब तो भूमि अधिग्रहण तेजी स करने के साथ निर्माण कार्य भी कराया जाने लगा है। टेंडर प्रक्रिया के बाद से निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए 24 माह की समय सीमा तय की गई है। इसकी निगरानी मप्र शासन के मुख्य सचिव कर रहे हैं, जिससे परियोजना समय से पूरी हो जाए। बाइपास निर्माण में भूमि अधिग्रहण में कागजी प्रक्रिय पूरी न होने और कई अन्य कारणों से रूकावट आने से कंस्ट्रक्शन कंपनी और किसानों के बीच विवाद हो रहे हैं। जिससे काम में रूकावट आ रही है। इसे देखते हुये बीते रोज एसडीएम विशा मघवानी द्वारा बाईपास निर्माण कार्य का मुआयना करने के बाद किसानों के साथ बैठकर जल्द उनकी समस्याओं का समाधान करके उन्हें मुआवज़ा राशि दिलाने का भरोसा दिलाया है। एसडीएम ने किसानों से बातचीत करके मुआवज़ा न मिलने से निर्माण हो रही देरी को लेकर सभी प्रकरणों में आपत्तियों का निराकरण जल्दी कराने का भरोसा दिलाया।

## मुरैना के आदित्य बने फ्लाइंग लेफ्टिनेंट

दीक्षांत समारोह के बाद घर लौटने पर स्वागत

**मुरैना, देशबन्धु।** शहर के एक युवा आदित्य मुदगल भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग लेफ्टिनेंट बन गए हैं। शुक्रवार को वे बेंगलुरू में पासिंग आउट परेड (दीक्षांत समारोह-23) के बाद शनिवार को अपने घर पहुंचे तो परिजन व परिचितों ने गौरव के साथ उनका भव्य स्वागत किया। वर्ष 2022 में एमआईटीएस ग्वालियर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद एफटेक के माध्यम से पहले ही प्रयास में आदित्य का चयन भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के लिए हुआ था। बेंगलुरू में 18 माह के कठोर प्रशिक्षण के बाद उन्हें फ्लाइंग लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिलेगी। आदित्य मुदगल के पिता सत्येन्द्र मुदगल मार्केटिंग कंपनी के लिए कार्य करते हैं, जबकि मां अनिता मुदगल इंजीनियरिंग कॉलेज में प्राध्यापक हैं। शनिवार को जब आदित्य अपने घर पहुंचे तो उनके ताऊ हरेंद्र मुदगल शिक्षक, दिनेन्द्र मुदगल शासकीय ठेकेदार एवं कावेंद्र मुदगल शिक्षक सहित परिवार के सभी सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ उनकी अगवानी की। आदित्य ने बताया कि भारतीय वायुसेना में शामिल होने की प्रेरणा उन्हें जियाजी विंग कमांडर केके शर्मा से मिली। इसके अलावा कुलगुरु जड़ेरुआ सिद्ध आश्रम के महामंडलेश्वर हरिदासजी महाराज का विशेष आशीर्वाद भी उन पर रहा। आदित्य ने बताया कि एयरफोर्स में शामिल होकर देशसेवा करने का सपना उन्होंने बचपन से ही देखा था, इसे पूरा करने का उन्होंने संकल्प भी ले रखा था।



## शोरूम के पीछे रूम में लगी अचानक आग, युवक झुलसा

आत्महत्या के प्रयास का भी हो सकता है मामला

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के बानमोर थाना क्षेत्र में एक कपड़ा शोरूम के पीछे बने रूम में अचानक देर रात्रि को आग लग गई, जिसमें सो रहा युवक बुरी तरह झुलस गया। सुबह आग बुझाने पर गेट तोडक़र उसे बाहर निकाला गया और प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि पुलिस वाले दुकान पर आए थे और युवक को धमकी देकर गए थे, जिसके बाद हो सकता है, उसने आत्महत्या का प्रयास किया हो, फिलहाल घायल युवक बोल नहीं पा रहा है, बातचीत के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार में हाईवे गंगाराम का पुरा मंदिर के पास स्थित तपस एटूजेड कपड़ा शोरूम का संचालक धर्मेंद्र जैन 27 वर्ष निवासी बानमोर बीती रात्रि को शोरूम के पीछे स्थित रूम में सो रहा था कि रात्रि 2ः00 बजे के पश्चात रूम में से धुआं उठने लगा और आग की चिंगारी निकलने लगी। जब लोगों ने धुआं निकलते देखा तो उसके परिजनों एवं पुलिस को सूचना दी। सुबह 6 बजे के लगभग पुलिस एवं परिजन फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचे, तब तक काफी आग लग चुकी थी। कमरे के चारों ओर आग से युवक का दम घुटने लगा। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने तत्काल आग बुझाना शुरू किया और थोड़ी देर के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया। इसके पश्चात रूम का गेट तोडक़र धर्मेंद्र को बाहर निकाला गया, धर्मेंद्र को जब निकाला गया, तब वह अचेत अवस्था में था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धर्मेंद्र के भतीजे तनु जैन ने बताया कि शनिवार की रात्रि 9 बजे जब उसके चाचा धर्मेंद्र शोरूम पर थे, तब कुछ पुलिस वाले आए थे और किसी बात को लेकर उसे धमकी देकर गए थे, हो सकता है कि उसकी वजह से धर्मेंद्र ने कोई कदम उठाया हो, क्योंकि अभी धर्मेंद्र बोलने की स्थिति में नहीं है, जब बातचीत होगी, तब स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### एक दिन के नवजात को कचरे के डिब्बे में डालकर भागे बाइक सवार

**बमीठा, देशबन्धु।** रविवार को सुबह करीब 5 बजे एक बाइक पर सवार होकर आये दो युवक एक दिन के नवजात को ग्राम बसारी में एनएच 39 के ओवरब्रिज के नीचे एक कचरे के डिब्बे में डालकर भाग निकले। सुबह घूमने निकले लोगों ने बाइक सवार दो युवकों को कपडे में लिपटी किसी चीज को चोरी से कचरे के डिब्बे में डालकर भागते देखा तो उन्हें संदेह हुआ। लोग जब तक कचरे के डिब्बे के पास पहुंचे तब तक बाइक सवार युवक भाग चुके थे। लोगों ने देखा कि कचरे के डिब्बे में एक दिन का नवजात बालक पडा हुआ है तो तुरंत 100 डायल वाहन को सूचना दी गई। इस दौरान लोग बाइक का नंबर ही नोट कर पाये, ये नंबर को पुलिस को दे दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कडाके की सर्दी में पडे बच्चे की नाजुक हालत को देखकर तुरंत 108 एंबुलेंस से मासूम को जिला अस्पताल पहुंचा दिया है। वहां उसकी देखरेख व इलाज किया जा रहा है। पुलिस का ऐसा मानना है कि अवैध संबंधों के चलते बिन ब्याही मां ने बच्चे को जन्म दिया होगा, लोकलाज के भय से उसे फेंक दिया गया है। बाइक नंबर के आधार पर इस मामले की जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** थाना भगवाँ पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार आरोपियों, इनामी बदमाश, गिरफ्तार वारंटी एवं स्थाई वारंटी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे।

# गिट्टी बिछाकर सड़क बनाना भूला ठेकेदार, बढ़ी आवागमन की समस्या

**धीमी गति से चल रहा 7 वार्डों को जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण कार्य**



**सारनी, देशबन्धु।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के सात वार्डो को जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण बड़े जोर शोर के साथ शुरू किया गया था, लेकिन पिछले एक सप्ताह से सड़क का निर्माण न होने की वजह से आवागमन करने में लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित ठेकेदार सात वार्डो को जोड़ने वाले मार्ग में गिट्टी बिछाकर कुछ दूरी तक सड़क पर डामरीकरण कर दिया गया है और काम बंद कर दिया गया है।

जिसकी वजह से दो पहिया, चार पहिया वाहन चालक परेशान हो रहे है। बताया जाता है कि महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 17, संत रविदास वार्ड क्रमांक 23,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 24,छत्रपति शिवाजी वार्ड क्रमांक 25,स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 26,डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 27,रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 28 इन सात वार्डो को जोड़ने का काम यह मार्ग करता है। संत रविदास वार्ड में कुछ हिस्से तक सड़क का निर्माण किया जा चुका है। शेष स्थानों पर गिट्टी बिछाकर कार्य बंद कर दिया गया है इसके अलावा कई स्थानों पर गिट्टी जो संबंधित ठेकेदार के माध्यम से बिछाई गई थी वह दलदल हो गई। कई स्थानों पर गिट्टी धंस गई है। जिससे आवागमन करने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सात वार्डों में रहने वाले व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य नगर पालिका अधिकारी से इस मार्ग का निर्माण कार्य मे तेज गति से करवाने के लिए मुलाकात करके संबंधित ठेकेदार को दिशा निर्देश देने की मांग करेगा। आम लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क पर गिट्टी बिछा देने के कारण दो पहिया वाहन चालक जब इस मार्ग से गुजरता है तो उसके टायर पंचर हो रहे हैं और टायर भी खराब हो रहे हैं।

# पाथाखेड़ा क्षेत्र की एक और बंद होगी खदान



**सारनी, देशबन्धु।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा शहर में नई भूमिगत खदान खुलती दिखाई नहीं दे रही है, लेकिन एक और मैनुअल माइन्स छतरपुर टू बंद किए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। वेकोलि प्रबंधन की माने तो वित्त वर्ष 2024 के अंतिम सप्ताह तक छतरपुर टू खदान जो मैन्युअल लोडर खादन है इसे बंद करने की तैयारी की जा रही है। इस खदान में 150 से अधिक कर्मचारी है और यह खदान बंद हो जाने के बाद पाथाखेड़ा क्षेत्र में केवल तीन खदानें बचेगी। कोल इंडिया की अनुसांगी क्षेत्र की कंपनियों में लगातार खदानें खुल रही है,लेकिन डब्ल्यूसीएल के पाथाखेड़ा क्षेत्र में भूमिगत खदानें बंद होते जा रही है। जिसकी वजह से यहां के लोग पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। बताया जाता है कि कोल इंडिया में ईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, एसईसीएल, डब्लूसीएल, एनसीएल, एमसीएल, सीएमपीडीआईएल ,एनईसीएल कंपनी है और इन कंपनियों के अलग-अलग राज्यों में कोयले का खनन करने का कार्य किया जाता है।

# मानव जीवन के उद्धार के लिए भगवान विष्णु का भजन कीर्तन जरूरी: गोवर्धनराम

**नीमगांव में आज निकाली जाएगी गुरु जम्भेश्वर की शोभायात्रा**



**हरदा, देशबन्धु।** हम पेड़ की जड़ को सिंचित करते हैं न की उसके तने को। क्योंकि पेड़ का मूल जड़ है न कि तना। ठीक इसी प्रकार इस संसार के मूल में केवल भगवान विष्णु हैं। इस जड़ रूपी मूल की प्राप्ति के लिए हमें प्रतिदिन भजन करना चाहिए। अगर कोई मनुष्य निस्वार्थ भाव से भजन करे तो वह भगवान विष्णु के लिए प्रिय हो जाता है। इससे उसके जीवन के सभी मार्ग खुल जाते हैं और वह मोक्ष को भी प्राप्त कर सकता है। नीमगांव स्थित श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर में आयोजित विश्नोई समाज के अगहन महोत्सव के तीसरे दिन उक्त बातें जाम्भाणी हरिकथा का वाचन करते हुए आचार्य संत डा गोवर्धनराम शिक्षा शास्त्री ने कहीं। उन्होंने कथा का वाचन करते हुए कहा कि भगवान विष्णु सभी के आराध्य हैं। चाहे वह मनुष्य हो या देवता। जिस प्रकार किसी पेड़ के अस्तित्व के लिए उसकी जड़े बहुत महत्वपूर्ण होती है ठीक उसी प्रकार मानव जीवन के उद्धार के लिए भगवान विष्णु का भजन कीर्तन जरूरी है। जिसने विष्णु नाम का जाप किया उसका जीवन सफल हुआ है। कथा के पहले आचार्यश्री ने श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर में पत्रकारों से चर्चा की। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि आज कल इंटरनेट मीडिया की बात करें या टेलीविजन की। हर जगह केवल व्यवसायिक लाभ के लिए धार्मिक कार्यक्रमों का प्रसारण किया जा रहा है। इसलिए हमें यह समझना होगा कि हमें क्या देखना है। आजकल धर्म के नाम पर भ्रामक चीजें भी प्रचारित की जा रही है। मध्यक्षेत्र विश्नोई सभा के सचिव पूनमचंद पंवार ने बताया कि मंदिर प्रांगण में सुबह दस बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। बच्चों ने भजन, साखी व गायन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। साथ ही मौखिक परीक्षा, लिखित परीक्षा, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सोमवार शाम छह बजे से श्रीगुरु जम्भेश्वर भगवान की नीमगांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन रात नौ बजे से मंदिर में रात्रि जागरण का कार्यक्रम भी किया जाएगा। 12 दिसंबर को कथा की पूर्णाहुति के साथ ही अगहन महोत्सव का समापन प्रसादी वितरण कर किया जाएगा।

# आवारा कुत्तों का आतंक, पैदल और वाहन चालकों को बनाते है निशाना

**भाजपा मंडल महामंत्री ने मुख्य नपा अधिकारी को सौंपा पत्र**



**सारनी, देशबन्धु।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ाने की वजह से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समूह में खड़े होकर यह आवारा कुत्ते दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ते हैं। यदि छोटे बच्चे एवं छोटा जानवर उनके समूह में फंस जाए तो उसका शिकार करने से भी यह पीछे नहीं रहते।

ऐसी स्थिति में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार इन कुत्तों को लेकर भय का माहौल बनता जा रहा है। जिसे देखते हुए भाजपा मंडल महामंत्री प्रकाश शिवहरे ने कलेक्टर के नाम पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपकर शहरी क्षेत्र के वार्डों में आवारा कुत्तों की धर पकड़ किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह समूह में होकर पैदल चलने वाले लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वेकोलि की भूमिगत खदानों में काम करने वाले कर्मचारियों को रात के समय में इन आवारा कुत्तों की वजह से समूह बनाकर भूमिगत खदान में जाना पड़ रहा हैं। ऐसी स्थिति में नगर पालिका द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। वर्तमान समय में नगर पालिका के 36 वार्ड में आठ सौ से एक हजार के लगभग आवारा कुत्तों की संख्या हो गई है जो आने वाले समय में संपूर्ण क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। शिवहरे ने बताया कि लगातार इन आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ाने की वजह से स्कूल जाने आने वाली विद्यार्थियों के बीच में भी भय का वातावरण बना हुआ है। ऐसी स्थिति में इनकी धरपकड़ करना महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि आवारा कुत्तों की वजह से कई लोग उनके काटने का शिकार हो गया है। ऐसी स्थिति में शहर के अस्पतालों में रेबीज का इंजेक्शन भी नहीं मिल पाता है।

# न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस पहुंचते ही नेकी का अलाव शुरू



**नौगांव/छतरपुर, देशबन्धु।** इस साल समुद्री तूफान मिचोंग और पश्चिमी विक्षोभ के कारण बादलो का डेरा जमा रहा इसलिये मौसम में इतनी गिरावट नहीं आयी। जितनी हरसाल इन दिनों तक आ जाती थी लेकिन जैसे ही बादल धीरे धीरे छंटना शुरू हुये तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और राहगीरों के लिये ठंड से कुछ राहत देने के लिये नेकी का अलाव शनिवार से शुरू हो गया।

नगर में स्थित एंजिल पब्लिक स्कूल के संचालक अभिषेक त्रिपाठी के द्वारा समाजसेवा करने का एक अलग ही जुनून है वह पिछले पांच सालों से रात्रि कालीन भोजन वितरण करवा ही रहे है। पहले गणेश मंदिर चौराहे पर और अब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज कराने आये मरीजों के अटेंडरो को निःशुल्क भोजन व्यवस्था प्रतिदिन शाम 7 बजे की जाती है। यह नेक कार्य कोविड काल में भी नहीं रूका उस दौरान जन सहयोग भी मिला और जरूरतमंदों को भोजन के साथ निःशुल्क मास्क और राशन किट भी उपलब्ध करायी गयी।

### सर्दी आते ही अलाव और कंबल की करते व्यवस्था

अभिषेक द्वारा नेकी सेवालय के नाम से जो संस्था चलायी जा रही है वह बकाई नेक कार्य करती है क्योकि सर्दी के मौसम में जो राहगीर मुसाफिर रात के समय यात्रा करने के लिये घरो से निकलते है या यात्रा करके वापिस जाते है या जो मोटर साईकिल से गुजरते है उनको बस स्टैण्ड पारासर मेडील के सामने अलाव जलाकर ठंड से कुछ राहत देने की व्यवस्था की जाती है शनिवार को नपाध्यक्ष अनूप तिवारी के द्वारा नेकी के अलाव की शुरूवात की गयी । जो अब जनवरी माह तक प्रतिदिन जलेगा। इसके अलावा शनिवार से ही खुले आसमान में जो राहगीर यात्री प्रतिक्षालय के अलावा अन्य स्थानों पर मिले उनको कंबल भी निःशुल्क उपलब्धर कराया गया। नेकी के अलाव शुरू करने के दौरान पंकज खरे, ओमजी , राहुल रूसिया, वीरेन्द्र पारासर, सनातन रावत, संजय अवस्थी, रानू राजा, नितिन नामदेव, रामप्रकाश सेन मौजूद रहे। जैसे ही सर्दी बढ़ेगी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नेकी का अलाव शुरू कर दिया जायेगा जिससे आने वाले और भर्ती मरीजो के परिजनों को राहत मिलेगी।

# दस दिनों में यूरिया की तीसरी रैक पहुंची हरपालपुर, किसानों को मिलेगी राहत



**हरपालपुर, देशबन्धु।** जिले में यूरिया की किल्लत लगातार बनी है। फसलों में छिड़काव के लिए मांग के अनुरूप यूरिया नहीं मिल रही है। हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर दस दिन में यूरिया की तीसरी रैक रविवार सुबह 6 बजे आ जाने से अब किसानों को राहत जरुर मिल जाएगी। यूरिया की रैक आ जाने से यूरिया की मांग पूर्ति होने की उम्मीद बढ़ी है। साथ ही कालाबाज़ारी पर भी लगाम लग सकेगी।किसानों की उम्मीदों की नई खेप के रूप में रविवार की सुबह 6 बजे एनएफएल कंपनी की यूरिया की रैक हरपालपुर स्टेशन पहुंची हैं। परिवहन ठेकेदार द्वारा ट्रकों के माध्यम से मार्कफेड के गोदामों सहित छतरपुर और टीकमगढ़ जिले के पलेरा के मार्कफेड गोदाम में भेजना शुरु कर दिया गया है। जिले में किसानों को यूरिया की एक बोरी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था। सरकारी गोदाम व सोसायटियों के लिए यूरिया की रैक आने से किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया मिल सकेगा। अब किसानों को अब एक एक बोरी के लिये घंटो लाइन में नहीं लगना पड़ेगा।

### इस तरह बांटी जयेगी यूरिया

रैक पॉइंट पर युरिया रैक का निरीक्षण करने पहुंचे उर्वरक निरीक्षण सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर उतरी यूरिया रैक में से मार्कफेड के छतरपुर गोदाम के लिए 360 एमटी टन, हरपालपुर के लिए 170 टन, बमीठा के लिए 240 टन, लवकुशनगर 300 टन, बिजावर 240 टन, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक छतरपुर के लिए 240 टन, एमपी एग्रो के लिए 90 टन और टीकमगढ़ जिले के पलेरा में मार्कफेड गोदाम के लिए 240 टन यूरिया भेजा जाएगा। उर्वरक निरीक्षक श्री अग्रवाल ने बताया कि सुबह 6 बजे आई एनएफएल यूरिया की रैंक का परिवहन करने के लिए ठेकेदार द्वारा ट्रैकों के माध्यम से रैंक पॉइंट से खाद का उठाव शुरू कर दिया।

# महाराजा छत्रसाल भारतीय पराक्रम पर व्याख्यान एवं ऋषि मार्कण्डेय आयुर्वेदिक वन का उद्घाटन आज

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में महाराजा छत्रसाल भारतीय पराक्रम भाषण माला के नाम से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली पहली भाषणमाला का शुभारंभ वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 11 दिसंबर करेंगे। इसी के साथ वाइस एडमिरल श्री त्रिपाठी ग्राम गौरैया स्थित यूनिवर्सिटी के नए परिसर में ऋषि मार्कण्डेय आयुर्वेदिक वन का उद्घाटन भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. शुभा तिवारी करेंगी। मीडिया सेल के संयोजक डा. एसपी जैन ने बताया विश्वविद्यालय में महाराजा छत्रसाल भारतीय पराक्रम भाषण माला के अंतर्गत नेतृत्व कौशल - एक भारतीय संदर्भ विषय पर मुख्य वक्ता वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, एवीएसएम, एनएम, फ्लैग आफिसर, कमांडिंग इन चीफ, पश्चिमी नौसेना का उद्घाटन व्याख्यान देंगे। पहला व्याख्यान 11 दिसंबर को अपरान्ह चार बजे विश्वविद्यालय के जगदीशचंद्र बोस हॉल में रखा गया है। उल्लेखनीय है यह भाषण माला प्रतिवर्ष आयोजित की जाएगी, जिसकी विषयवस्तु भारतीय ज्ञान परंपराएं रहेंगी। उन्होंने बताया विश्वविद्यालय के गौरैया स्थित नए परिसर में 11 दिसंबर को ही दोपहर दो बजे ऋषि मार्कण्डेय आयुर्वेदिक वन(फेज- 1) का उद्घाटन पौधरोपण के साथ विधिविधान से होगा। दोनों कार्यक्रमों के लिए कुलपति प्रो. शुभा तिवारी एवं कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में समितियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**लाइटिंग, नेचुरल टर्फ और सिंथेटिक रनिंग ट्रेक से सुसज्जित होगें खेल ग्राउंड**

# बैडमिंडन टूर्नामेंट की विजेता और उपविजेता टीमें पुरस्कृत



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में आयोजित चार दिवसीय बैडमिंडन टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। छतरपुर के स्टेडियम प्रांगण में स्थित बैडमिंडन हॉल में चार दिवसीय छतरपुर प्रीमियर लीग बैडमिंडन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। समापन के दौरान कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट में छः टीमों को आमंत्रित किया गया है। इन टीमों को तीन ग्रुप में बांटा गया था। जिसमें छतरपुर लायंस, झांसी जायंट, जबलपुर जैगुआर, पन्ना टाइगर, टीकमगढ़ टाइटंस एवं दतिया डेविल्स शामिल हैं।इस खेल में खिलाड़ियों ने भरपूर मनोरंजन किया। इस टूर्नामेंट में 50 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की जबलपुर को टीम विजेता बनीं और 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग महोबा की टीम उप विजेता बनीं। प्रथम विजेता टीम को 11 हजार नगद, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया और द्वितीय स्थान पर आने वाली टीम को 5 हजार की नगद राशि ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही ओपन वर्ग में छतरपुर की दोनों टीम जो प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहीं। इनको भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और उनके कोच को भी सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि पूरी लगन मेहनत से खेल को खेल को भावना से खेलें और अपने जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा छतरपुर जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने और उन्हें सफलता के आयाम पर पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर एडीएम नमः शिवाय अरजरिया सहित अन्य अधिकारी और टीमों के कोच, बैडमिंडन खिलाड़ी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की कलेक्टर श्री जी.आर. के निर्देशन में बैडमिंडन हॉल को बेहतर और सुदृढ़ बनाया गया है। साथ ही स्टेडियम को भी सिंथेटिक बनाने का काम जारी है।

### छतरपुर, बड़ामलहरा, बिजावर में बन रही स्पोर्टस फील्ड

कलेक्टर के निर्देशन में छतरपुर स्टेडियम में 4 करोड़ रुपए की लागत, बिजावर में 2.95 करोड़, बड़ामलहरा में 2.95 करोड़ की लागत स्पोर्ट फील्ड को तैयार करने का काम जारी है। साथ ही गौरीहार के ग्राउंड को 1.5 करोड़ की लागत से तैयार करने का काम भी शीघ्र प्रारंभ होगा। इस कार्य के होने से ग्राउंड में सिंथेटिक रनिंग ट्रेक, फुटबॉल फील्ड, बॉलीबॉल ग्राउंड (छतरपुर स्टेडियम), नेचुरल टर्फ, लाइटिंग इत्यादि काम किए जाएंगे।

## सार समाचार

### 11 दिसंबर को खोला जाएगा ईवीएम वेयरहाउस

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिला नर्मदापुरम में एफएलसी, कमिशनिंग, डिस्पर्सल एवं मॉक पोल के दौरान पाई गई नॉन फंक्शनल कुल 8 (बेलेट यूनिट), (कंट्रोल यूनिट) एवं 30 व्हीव्हीपीएटी मशीनों को बेल बैंगलोर भेजा जाना है। यह कार्यवाही सोमवार 11 दिसंबर को प्रात: 12 बजे तहसीलदार डोलरिया अनिल पटेल द्वारा जिला कार्यालय के तवा भवन स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस के रिजेक्ट ईव्हीएम मशीनों को संधारित किये जाने वाले कक्ष से निकाली जाकर जिला भोपाल भेजी जाएगी। उप निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया है कि जिला कार्यालय के तवा भवन स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस के रिजेक्ट ईव्हीएम मशीनों को संधारित किये जाने वाले कक्ष खोले जाते समय आप स्वयं अथवा आपके अधिकृत प्रतिनिधि निर्धारित समय, तिथि एवं स्थान पर मशीनों की स्केनिंग तथा मशीने जिला भोपाल के लिये रवाना होने तक उपस्थित रहें।

### विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों की कक्षा 6वीं में छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया 6 दिसम्बर से प्रारंभ हो गई है। इन विद्यालयों में छात्रों का प्रवेश निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के आधार पर होगा। विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए 8 जनवरी 2024 से पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके पश्चात 29 जनवरी को विद्यार्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 11 फरवरी 2024 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### इज्तिमा ट्रैफिक क्लियर करने विंध्याचल एक्सप्रेस में लगेगा सामान्य श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा भोपाल में आयोजित आलमी तब्लीगी इज्तिमा के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के लिए 11272/11271 भोपाल-इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस में सामान्य श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच अस्थायी रूप से लगाया जा रहा है। यह अतिरिक्त कोच 11272 भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस में 11 एवं 12 दिसंबर 2023 को भोपाल स्टेशन से तथा वापसी में 11271 इटारसी-भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस में इटारसी स्टेशन से गन्तव्य के लिए लगाया जाएगा।

### कांग्रेस सांसद धीरज साहू का जलाया गया पुतला

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय टीकमगढ़ में अस्पताल चौराहे पर प्रदेश आहान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा व भाजपा पार्टी द्वारा झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू का पुतला जलाया गया। आयकर की टीम द्वारा उनके विभिन्न ठिकानों पर 6 दिसंबर से की गई दबिश में अब तक 220 करोड़ से ज्यादा का कैश व ज्वेलरी बरामद हो चुकी है और इसकी संख्या अभी और भी बढ़ सकती है। आज टीकमगढ़ भाजपा पार्टी द्वारा धीरज प्रसाद साहू का पुतला दहन कर कांग्रेस पार्टी का विरोध किया गया, भाजपा पार्टी द्वारा आरोप लगाया कि यह भ्रष्टाचार की कमाई है। जिसे जनता व देश से लूटकर किया गया है व कांग्रेस भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी है। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के झारखंड सांसद धीरज प्रसाद साहू के यहां भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है, वह भ्रष्टाचार द्वारा की गई काली कमाई है। वह रांची, भुवनेश्वर व अन्य उनके ठिकानों से मिली है, जो जनता व देश से लूट कर की गई है, जिसे भाजपा पार्टी पुर जोर विरोध करते हुए सख्त करवाई की मांग करती है।

कांग्रेस पार्टी ऐसे लोगों को बढ़ावा देकर देश के साथ छलावा कर रही है। पुतला दहन करने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना, आशुतोष भट्ट, रोहित खटीक, जन्मेजय तिवारी, मुन्ना लाल साहू, प्रफुल्ल द्विवेदी, अनीश खान, संदीप पायक, प्रवीण नामदेव, आदित्य योगी, विनय सेन, धर्मेंद्र परमार, कपिल नामदेव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हरे-भरे दरख्तों को बचाने की पहल

# वृक्ष मित्रों की मदद से दर्जन भर वृक्षों को शिफ्ट किया गया

**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण का कार्य चल रहा है। इस दौरान जीआरपी थाने का स्थानांतरण होने के बाद पुराने थाने को तोड़ा गया और वहां लगे वृक्षों को बचाने की पहल करते हुए उनको दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा हे।

रेलवे परिसर में जीआरपी थाने के पुराने भवन को तोड़कर यहां अमृत भारत योजना के तहत इमारत बनाई जा रही है, इसके लिए पूरे हिस्से को मैदान में तब्दील किया जाना था, लेकिन परिसर में कई सालों पहले लगाए अशोक, बादाम एवं अन्य वृक्षों के जीवन पर संकट आ रहा था, इसे लेकर रेलवे ने वृक्षमित्रों की मदद से जड़ समेत इन वृक्षों को काटने की जगह शिफ्ट कर दिया। इस प्रयास से सभी दरख्तों को नया जीवन मिला है।

एईएन एके मालवीय ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत पश्चिम मध्य रेल भोपाल मंडल के सबसे बडे रेलवे जंक्शन इटारसी का विकास किया जाएगा, इसका काम प्रारंभ हो गया है। रेलवे के स्टेशन के सरक्युलेटिंग एरिया में नई बिल्डिंग निर्माण को लेकर कार्य शुरू हो चुका है। यह बिल्डिंग पुराने जीआरपी थाना तक बनेगी, इसलिए जीआरपी थाने को दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट करने के बाद रेलवे पुरानी बिल्डिंग को तोड़ रही है। यहां पर



एक दर्जन से अधिक फलदार और छायादार वृक्ष लगे हुए थे, जो प्राण वायु देने के साथ ही जीआरपी थाना परिसर की हरियाली और सुंदरता में भी चार चांद लगाते थे।

इन वृक्षों को काटने की जगह रेलवे ने वृक्ष मित्रों एवं निर्माण कंपनी की मदद से दूसरी जगह शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया है। ठेकेदार के बुलडोजर और श्रमिकों की मदद से इन वृक्षों को अब हजरत मुल्ला शाह बाबा की दरगाह के पास खाली पड़ी रेलवे की जमीन पर लगाया जा रहा है। एडीईएन अशोक मालवीय और वृक्ष मित्र दिलीप सोनी द्वारा पेड़ों को बुलडोजर की मदद से उखाड़कर उन्हें हजरत मुल्ला शाह बाबा की दरगाह के बगल में खाली पडी रेलवे भूमि पर लगाया जा रहा है। जीआरपी जवानों ने बताया कि कई सालों पहले थाना परिसर में इन पौधों को लगाया था, नियमित पानी और देखभाल करने से यह वृक्ष के रूप में तैयार हो गए, इन वृक्षों को विकास के नाम पर काटने की जगह रेलवे ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठा प्रयास करते हुए इन्हें दूसरी जगह लगा दिया। परिसर में एक विशालकाय पीपल का वृक्ष भी है, जो कुछ साल पहले आंधी तूफान में उखड़ गया था, तब परिवर्तन संस्था की मदद से इस पीपल को इसी जगह रिप्लांट किया गया था, इससे पीपल फिर से पनप गया, अब इस पीपल को भी रेलवे की मदद से दूसरी जगह लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में वृक्ष मित्र दिलीप सोनी से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि वह पहले रेल सेवा में थे, तभी से उन्हें पेड़ लगाने का शौक था। पेड़ पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए जीआरपी थाना परिसर के पेड़ों को उखाड़कर दूसरी जगह लगाया जा रहा है, इस कार्य में टिमरनी के प्रोफेसर डॉ. गंगवार और तरूण चौरे का सहयोग भी मिल रहा है। शुक्रवार को पहले दिन सात पेड़ शिफ्ट किए गए हैं, इनमें अशोक के चार, एक जामुन और दो आम के पेड़ शामिल हैं।

# युवा मांझी समाज का मांझी मिलन समारोह आयोजित



**इटारसी, देशबन्धु।** युवा मांझी समाज का मांझी मिलन समारोह आज रविवार को ईश्वर रेस्टॉरेंट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मांझी समाज युमांस द्वारा दीपावली सेल्फी विद रंगोली प्रतियोगिता के पुरस्कार भी वितरित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमराज रायकवार ने की। मुख्य अतिथि नगर पलिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं अतिथि स्वतंत्र कश्यप, महेश रायकवार, अशोक मासाब उपस्थित हुए। अध्यक्ष संतोष रायकवार ने बताया कि भगवान श्री निषादराज का सभी ने पूजन किया। स्वागत उद्बोधन संगठन संरक्षक रोहित रायकवार ने किया। श्रीमती विमला विजय रायकवार को युवा मांझी महिला संगठन की अध्यक्ष नियुक्त किया। नगर पलिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने अपने उद्बोधन में मांझी समाज की पूर्व मांग पर वार्ड नं. 31 में मंगल भवन एवं फिश मार्केट बनाने की घोषण की।

### सेल्फी विद रंगोली प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार वंशिका केवट को

दीपावली पर्व पर लगभग 21 बालिकाओं एवं महिलाओं व्दारा बनाई मतदान जागरुकता अभियान संदेश पर सेल्फी विद रंगोली प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित किये। निर्णायक संगठन सचिव रजत रायकवार ने अपने निर्णय में प्रथम वंशिका केवट, संस्कृति कहार द्वितीय, राखी रायकवार तृतीय स्थान दिया। सभी को प्रमाण पत्र दिये। सभी प्रतियोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि पंकज चौरे एवं अतिथियों ने दिये। सामाजिक कार्यकर्ता स्वतंत्र कश्यप, महेश रायकवार, अशोक गोयले एवं विजय रायकवार ने भी विचार रखे। संचालन मोहन रायकवार ने तथा आभार संजय केवट ने किया।

# बनखेड़ी में अवैध रेत उत्खनन जोरों पर, प्रशासन अंकुश लगाने में नाकाम





**बनखेड़ी, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले की बनखेड़ी तहसील राजस्व सीमा क्षेत्र के नदी नालों के विभिन्न घाटों से लगातार माफिया गिरोह के गुर्गों द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन बड़ी तादात में किया जा रहा है। जिस पर प्रशासन अंकुश लगाने में नाकाम साबित नजर आ रहा है।

बता दें कि बनखेड़ी की दूधी और आंजन नदी के घाटों से रोज जेसीबी की सहायता से अवैध रेत उत्खनन कर बैगर रॉयलटी के दर्जनों ट्रैक्टर और डंफर से रेत का परिवहन किया जा रहा है।

जिसमें सबसे ज्यादा दूधी नदी के पालिया पिपारिया, कामती खापा, मुर्गीढाना, जुन्हेटा, माल्हनवाडा आदि घाटों से रोज जेसीबी मशीन से रेत को एक जगह इकट्ठा किया जाता है। जिसके बाद ट्रैक्टर और डंपरों से परिवहन किया जाता है। हालांकि बनखेड़ी नगर में ट्रैक्टरों द्वारा डेली सुबह से लेकर शाम तक बड़े पैमाने पर दिनदहाड़े

### सरपंच नीरज पलिया के कहने पर ट्रैक्टर चालक दूधी नदी से करता था अवैध परिवहन

रेत को ढोई जा रही है। लेकिन प्रशासन को क्षेत्र में हो रहे अवैध रेत खनन और परिवहन की जानकारी होते हुए भी इन पर आखिर क्यों मेहरबान है यह समस्या परे है।

सूत्रों के मुताबिक बता दें कि बनखेड़ी नगर में सबसे ज्यादा यदि कोई रेत के ट्रैक्टर चला रहा है तो वह भाजपा से जुड़े लोग सबसे ज्यादा हैं। जिनमें पूर्व पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि जैसे माफिया का एक गिरोह काफी सक्रिय है। जो नगर के मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं के ट्रैक्टर चलाकर लोगों के घरों में रेत डालकर काफी मोटा मुनाफा कमा रहे हैं।

### ट्रैक्टर चालक पर की चोरी की कार्रवाई

पुलिस के नगर कस्बा के भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर शनिवार को शाम के समय पलिया पिपरिया से एक अवैध रेत परिवहन करते हरे रंग का जॉन डियर ट्रैक्टर को पकड़ा है। पुलिस थाना से मिली जानकारी अनुसार बता दें कि नीरज पलिया के कहने पर ट्रैक्टर चालक पलिया पिपरिया दूधी नदी घाट से रेत उठाकर बेचने ले जा रहा था। मौके पर पूछताछ के दौरान ड्राइवर के पास रॉयल्टी न होने पर पुलिस ने बनखेड़ी पुलिस थाना लाकर बगैर नंबर के हरे रंग के जॉन डियर ट्रैक्टर चालक संजू पिता मुन्ना लाल रझड पलिया पिपरिया निवासी पर धारा 379 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत रेत चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। वही ट्रैक्टर चालक संजू रझड ने पुलिस को बताया कि सरपंच नीरज पलिया के कहने पर रेत भरकर ले जाता था।

# बोर्ड परीक्षाओं में शिक्षा का स्तर सुधारने स्कूल प्राचार्यों को निर्देश



**इटारसी, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा के छात्र छात्राओं में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग द्वारा सभी स्कूल प्राचार्य और संकुल प्राचार्यों की बैठक में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाने और शिक्षा का स्तर बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आ सके।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आगामी फरवरी मार्च में बोर्ड परीक्षाए आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के पहले दसवीं और बारहवीं के छात्र छात्राओं को परीक्षा की तैयारी को लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त मोहित भारती ने पवारखेड़ा स्थित कन्या स्कूल परिसर में बैठक की। इस बैठक में सहायक संचालक संजय त्रिवेदी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आशा मौर्य प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। बैठक में सभी संकुल प्राचार्य और स्कूल प्राचार्यों को शामिल किया था। इस दौरान सहायक आयुक्त भारती ने बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुधारने दिशा निर्देश जारी किए। निर्देश जारी करते हुए कहा कि विद्यालय में निदानात्मक कक्षाओं का संचालन किया जाए।

लेखन अभ्यास कराने के लिए नियमित अभ्यास एवं गृहकार्य दिया जाए, दूसरे दिन गृहकार्य को नियमित रूप से जांचा जाए। संस्था प्राचार्य को नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक विद्यालय में प्रयोगशाला में नियमित रूप से प्रेक्टिकल कराए जाएं, इसके अलावा संबंधित दिशा निर्देश जारी किए गए, ताकि परीक्षा के पहले अच्छी तैयारी होने से परिणाम भी बेहतर आएंगे।

# बानापुरा, फाइटर, हरदा एवं आरबीएफसी ने जीते अपने मैच

**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित अंडर-16 जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में आज दूसरे दिन आदर्श स्पोर्ट्स एकेडमी बानापुरा एवं नेशनल फुटबॉल क्लब के मध्य रोमांचक मैच खेला गया। मैच के रेफरी संदीप चक्रवर्ती, आशीष डेविड, राकेश मसीह, लाइनमैन अंकुश मसीह एवं अक्षत तिवारी, नमन चौधरी थे। मैच काफी रोमांचक रहा। कड़े मुकाबले के बाद बानापुरा ने मैच 2-0 जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

न्यूयार्ड एवं इटारसी के वरिष्ठ खिलाड़ियों के मध्य एक मैत्री मैच खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इटारसी थाना प्रभारी गौरव बुंदेला उपस्थित रहे। साथ में पार्षद शुभम गौर एवं राहुल प्रधान ने उपस्थिति प्रदान की। संचालन एवं कॉमेंट्री राकेश पांडे ने की। प्रतियोगिता में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रविंद्र चौधरी नरेश पाठक धनपाल चौर उमेश निगम, मोहित मुंडे, एल्विन नायक, देवेंद्र



खाड़े, दयाराम, पवन, आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प माला से किया।

अपने उद्बोधन में में मुख्य अतिथि ने कहा कि पुलिस विभाग की तरफ से पूरी व्यवस्था प्रदान की जाएगी। पार्षद राहुल प्रधान ने दो फुटबॉल देने की घोषणा की। आज का दूसरा मैच रोमांचक रहा जिसमें 1-0 से फाइटर क्लब ने न्यू यार्ड क्लब को पराजित किया। अंडर 16 का दूसरा मैच केंद्रीय विद्यालय विरुद्ध हरदा फुटबॉल अकादमी के मध्य खेला गया जिसमें हरदा की टीम ने काफी अच्छे खेल के प्रदर्शन किया एवं केंद्रीय विद्यालय को 2-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर 16 का चौथा मैच रेलवे बॉयज एवं जीनियस प्लेनेट के मध्य खेला गया जिसमें रेलवे बॉयज की टीम ने जीनियस प्लेनेट को 3-0 से पराजित किया। कल जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का प्रथम मैच पैरामाउंट क्लब होशंगाबाद एवं यंग बॉयज के मध्य खेला जाएगा। यह जानकारी क्लब के सचिव देवेंद्र खाड़े ने दी।

# विवाह पंचमी पर गठबंधन करना है तो आएं काली समिति के पास

**इटारसी, देशबन्धु।** यदि आप भगवान श्रीराम के विवाह की पंचमी के दिन अपना भी विवाह करना चाहते हैं तो आपको तत्काल श्री देवल मंदिर काली समिति से संपर्क साधना चाहिए। समिति हर वर्ष श्रीराम विवाह महोत्सव के साथ ही नि:शुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन भी करती है। इस वर्ष यह आयोजन 17 दिसंबर को है।

विवाह पंचमी की पावन तिथि पर विवाह करना अत्यंत शुभ होता है। श्री देवल मंदिर काली समिति अब तक दो हजार से अधिक जोड़ों का नि:शुल्क विवाह कर चुकी है। यह 39 वॉ श्रीराम विवाह उत्सव है। इसमें सभी समाज के विवाह योग्य वर-वधु हिन्दू रीति-रिवाज से विवाह कर सकते हैं। उनको श्री देवल मंदिर काली समिति के पास आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, मूलनिवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र और पासपोर्ट आकार की तीन फोटो वर-वधु की जमा करनी होगी।



### इन तारीखों में होंगे कार्यक्रम

12 दिसंबर से श्रीराम विवाह उत्सव के आयोजन प्रारंभ हो जाएंगे। पहले दिन रात्रि 8 बजे रामलीला का मंचन होगा। 13 दिसंबर को रात 9 बजे से सुंदरकांड, 14 दिसंबर को रात 8 बजे अखंड सीताराम कीर्तन, 15 दिसंबर को प्रात: 9 बजे महिला मंडल द्वारा रामसत्ता, 16 दिसंबर को प्रात: 10 बजे मंडप एवं सत्यनारायण की कथा, 17 दिसंबर को प्रात: 9 बजे कन्या भोज एवं भंडारा, शाम 7 बजे आध्यात्मिक प्रवचन, रात 9 बजे देवी जागरण, रात 10 बजे बारात स्वागत, रात 11 बजे जयमाला, 12 बजे पाणिग्रहण संस्कार और 10 दिसंबर को सुबह 7 बजे विदाई होगी।

### बड़ा मंदिर से निकलेगी बारात

श्रीराम जी की बारात के साथ नि:शुल्क सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले दूल्हों की बारात भी 17 दिसंबर को शाम 6 बजे श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर से श्री देवल मंदिर पुरानी इटारसी के लिए प्रस्थान करेगी। करीब तीन किलोमीटर का सफर तय करके यह बारात रात 10 बजे देवल मंदिर पहुंचेगी। बारात में घोड़े, बग्गी, भजन मंडलियां, नृत्य दल सहित रंगी-बिरंगी आतिशबाजी और लाइटिंग साथ रहेगी। इस बारात में हजारों लोग भगवान के बाराती के तौर पर शामिल होते हैं।

### यह अखिल भारतीय आयोजन है

श्रीराम विवाह उत्सव अयोध्या और ओरछा के बाद इतने बड़े स्तर पर इटारसी में भी मनाया जाता है। इसके साथ होने वाले नि:शुल्क सामूहिक विवाह में देश के किसी भी प्रांत के वर-वधु शामिल हो सकते हैं। यह अखिल भारतीय स्तर का आयोजन है। यहां महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रांतों के जोड़े आकर विवाह कर चुके हैं। समिति की ओर से वर-वधु को उपहार भी दिये जाते हैं।

बहादुर वीरों के प्रति पूरा देश नतमस्तक : शौर्य स्मारक में आयोजित विजय दिवस कार्यक्रम को राज्यपाल ने किया संबोधित, कहा-

# सैनिक सेवानिवृत्ति के बाद समाज और युवाओं को संस्कारित करें



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि विजय दिवस के बहादुर वीरों के प्रति पूरा देश नत मस्तक है। राष्ट्र आजीवन उन परिवारों का ऋणी है जिन्होंने अपने सपूतों को मातृभूमि के लिए कुर्बान कर दिया। अंतिम साँस तक लड़ते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले हर जवान को मैं नमन करता हूँ। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों में आगे बढ़कर सहयोग का प्रदेशवासियों से आह्वान किया है।

श्री पटेल पूर्व सैनिकों के संगठन इंडियन वेटरंस आर्गनाइजेशन द्वारा शौर्य स्मारक में आयोजित विजय दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शौर्य स्मारक पर विजय दिवस वीर-शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन जोगिन्दर सिंह सेंगर उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि आज से 52 साल पहले 1971 के भारत-पाक युद्ध में माँ भारती के वीर सपूतों ने पाकिस्तान के दाँत खट्टे करते हुए बांग्लादेश को आज़ाद कराया था। फ़ील्ड मार्शल जनरल मानेक शॉ के नेतृत्व में 90 हज़ार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी पूर्व नहीं होता वन्स अ सोल्जर, ऑलवेज़ अ सोल्जर। सेवानिवृत्ति के बाद सैनिकों की ज़िम्मेदारी समाज के प्रति और ज़्यादा बढ़ जाती है। पूर्व सैनिक अपने अनुभव, अनुशासन और राष्ट्र प्रेम की भावना से समाज और युवाओं को संस्कारित करने का कार्य करे। साथ ही समाज के सुरक्षा कवच की भूमिका निभाते हुए युवाओं में स्वदेशी और स्वावलंबन का विकास करें।

राज्यपाल श्री पटेल ने सैनिकों, युद्ध में घायल, दिव्यांग सैनिकों सहित सैनिक विधवाओं और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए इंडियन वेटरंस आर्गनाइजेशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संगठन को ग्रामीण क्षेत्रों के पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों और वंचित वर्गों की सहायता के कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जो समाज और राष्ट्र अपने शहीदों का सम्मान करता है, उनके सिद्धांतों और कार्यों से सीखता है, वह हमेशा समृद्धि की ओर बढ़ता है। श्री पटेल ने कहा कि समाज को सभी शहीद, उनके परिजन और सैनिकों का आदर करना चाहिए। उनकी हरसंभव मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में शहीद सैनिक पत्नियों, वीर नारियों का सम्मान किया। उन्होंने अलग-अलग राज्यों से आए संगठन के प्रतिनिधियों को ट्रॉफ़ी प्रदान की।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल का कार्यक्रम के प्रारंभ में पुष्पगुच्छ और संगठन के प्रतीक लाल कैप से स्वागत किया गया। स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में इंदौर के ग्रुप ने कृष्ण भक्ति और छिंदवाड़ा के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन जोगिंदर सिंह सेंगर ने स्वागत उद्बोधन दिया और आभार अनिल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश ईकाई के अध्यक्ष कैप्टन आर.पी. सिंह, देशभर से आए दिव्यांग सैनिक, वीरनारियॉ, पूर्व और नियमित सैनिक और उनके परिजन उपस्थित थे।

मानवाधिकार दिवस पर बंदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकार पर हुआ विमर्श

# समाज और सरकार की चेतना से बंदियों के नागरिक अधिकारों की सुरक्षा संभव : न्यायमूर्ति माहेश्वरी




**भोपाल, देशबन्धु।** उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने कहा है कि समाज और सरकार की शुद्ध अंतकरणीय चेतना से बंदियों के नागरिक अधिकारों की सुरक्षा हो सकती है और वे देश के सभी मानव जैसे ही विकास में भागीदार हो सकते है। उन्होंने शासन को सुझाव दिया कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किसी एक जेल को आदर्श रूप देकर बंदियों को सेहतमंद बनाकर उनके सभी मौलिक अधिकारों को अमल में लाया जा सकता है। न्यायमूर्ति श्री माहेश्वरी रविवार को प्रशासन और प्रबंधकीय अकादमी में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग द्वारा अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर बंदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकार मानव अधिकार विषय पर सेमीनार में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

श्री माहेश्वरी ने महात्मा गांधी के विचारो को उद्धृत करते हुए कहा कि अपराधी भी मानव होता है और कुछ परिस्थितियां होती है जो समाज के उसी मानव को अपराधी बनाती है। उन्होंने कहा कि हमे एक सकारात्मक चेतना तंत्र विकसित करना होगा और उस पर अमल करके बंदियों को देश के विकास के लिए सहभागी मानव बनाना होगा। उन्होंने मध्यप्रदेश सहित अन्य जेल में वर्तमान की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बंदियों को सेहतमंद बनाने के लिए ठोस और सुनियोजित प्रयासों की जरूरत बताई। उन्होंने मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की इस पहल के लिए सराहना भी की।

विशिष्ठ अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायमूर्ति सुजॉय पाल ने कहा कि दोषमुक्त या सजा पूरी कर चुके बंदी को समाज को अपनाने में भेद नहीं करना चाहिए। उन्होंने विध्वंस और सृजन को समझाते हुए लोगो से सभी मानवों को सामान्य रूप से अपनाने की अपील की। उन्होंने एक धार्मिक प्रसंग का हवाला देते हुए कहा कि कोई भी अपराधी नही सुधरेगा यह सही नहीं है। उन्होंने आयोग के इस सेमीनार को बंदियों के स्वास्थ और सुरक्षा अधिकार के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि आज के विमर्श से नई राह निकलेगी। उच्च न्यायालय ग्वालियर खण्डपीठ के न्यायमूर्ति संजीव एस कालगंवकर ने कहा कि जिला सत्र न्यायाधीश रहते हुए उन्होंने बंदियों के अधिकारो के हनन के कई गंभीर मामले देखे है और उन्हें ठीक भी करवाया है। उन्होंने कहा कि सुधार और नवाचार की हमेशा संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि बंदियों को मानव मानकर उनके मूलभूत अधिकार उन्हे देना ही चाहिए।

सेमीनार की अध्यक्षता करते हुए मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने विषय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों में प्रदेश की जेलों में 9 सौ से अधिक बंदियों की मृत्यु में से अधिकतर तो सामान्य थी पर कुछ स्वास्थ्य सेवाओ की कमी, समय पर उपचार न मिलने, रोग की पहचान नहीं होने और कुछ अवसाद के कारण हुई है, जो गंभीर है। उन्होंने कहा कि आयोग ने बंदियों के नागरिक अधिकारों की सुरक्षा करते हुए उनके परिवारों को 3 करोड़ से अधिक की राशि दिलवाई है, पर असल बात बंदियों को समय पर संविधान में प्रदत्त अधिकार के अंतर्गत उनकी स्वास्थ्य और सुरक्षा के अधिकार दिलवाना हैं।

अपर मुख्य सचिव गृह डा राजेश राजौरा ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की 132 जेलो में किए जा रहे सुधार कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सुधार गृह में कारागारो को बदलने और कैदियों के अधिकारो के लिए सरकार पहले से ज्यादा गंभीर है। उन्होंने कहा कि नवीन और आदर्श जेल बनाने के साथ ही आधुनिक सुविधा, पदो की पूर्ति, स्वास्थ्य परीक्षण, वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा, पढ़ाई, कौशल विकास सहित मनोवैज्ञानिकों की नियुक्ति पर सरकार का फोकस है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आज के सेमीनार से मिलने वाली अनुशंसाएँ भी लागू करने का प्रयास होगा।

कार्यक्रम में श्रीराम लेडी कालेज दिल्ली के पत्रकारिता विभाग की अध्यक्ष डॉ. वर्तिका नन्दा ने जेलो और वहां महिला, पुरुष और बाल अपराधियों की स्थिति पर शोधपरक अनेक दृष्टांत और कविताएं प्रस्तुत कर बंदियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की तस्वीर प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि बंदियों के शारीरिक से ज्यादा मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने मीडिया संस्थान से भी आग्रह किया कि वे ऐसी खबर प्रकाशित न करे जिससे एक मामले के कारण सभी बंदियों के मानव अधिकार प्रभावित होते हो। बंदियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकार मानव अधिकार पर केंद्रित आयोग की पुस्तिका का विमोचन किया गया।

प्रारंभ में आयोग के सदस्य राजीव टंडन ने स्वागत भाषण में विषय की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए पुलिस,जेल और स्वास्थ्य विभागो से समन्वय पूर्ण क्रियान्वयन बंदियों के स्वास्थ्य अधिकार की रक्षा करने की अपील की। अंत में आभार आयोग में पदस्थ एडिशनल डीजीपी बीबी शर्मा ने व्यक्त किया। सेमीनार के द्वितीय तकनीकी सत्र में गंभीर विमर्श हुआ। इस सत्र की अनुशंसाएं शासन को प्रेषित की जायेंगी। सेमीनार में प्रदेश के अनेक न्यायाधीश, पूर्व न्यायाधीश,वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जेल अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, अधिवक्ता, अशासकीय संगठनों के प्रतिनिधि, विधि विशेषज्ञ, विधि विद्यार्थी सहित बंदियों के परिजन भी उपस्थित थे।

# छग के नए मुख्यमंत्री साय को शिवराज और शर्मा ने दी बधाई

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास तथा जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता व नवनिर्वाचित विधायक विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि श्री साय दूरदर्शी एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी हैं। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि श्री साय के मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। श्री साय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की विकास, गरीब कल्याण और जनहितैषी नीतियों को निश्चित ही जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# शतचंडी यज्ञ में शामिल हुए शिवराज, करुणाधाम आश्रम में अर्पित की पूर्णाहुति

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने करुणा धाम आश्रम में 4 दिसंबर से आरंभ शतचंडी यज्ञ में पत्नी श्रीमती साधना सिंह के साथ पूर्णाहुति अर्पित की। मन्त्रोचार, पूजन-अर्चन तथा आरती के साथ हुई पूर्णाहुति में करुणाधाम पीठाधीश्वर गुरुदेव श्री सुदेश शांडिल्य जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शतचंडी यज्ञ वेदी को साष्टांग प्रणाम कर यज्ञवेदी की परिक्रमा की, मंदिर के दर्शन किए और प्रसादी ग्रहण की।



# उप्र से चुनाव प्रचार शुरू करेंगे नीतीश



**लखनऊ, देशबन्धु।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले 24 दिसम्बर को रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक सभा करेंगे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का हिस्सा है। बिहार के मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के सचिव (संगठन) श्रवण कुमार ने कार्यक्रम की पुष्टि की है। नीतीश कुमार की रैली के लिए स्थल को अंतिम रूप देने के लिए श्रवण कुमार ने कुछ स्थानीय नेताओं के साथ शनिवार को रोहनिया का दौरा किया। रोहनिया जनसभा में पूर्वांचल क्षेत्र के पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे, जो लोकसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार की पहली रैली होगी। श्रवण कुमार ने कहा कि वाराणसी के अलावा, आजमगढ़, प्रतापगढ़, प्रयागराज, फूलपुर, अंबेडकर नगर और मिर्जापुर पर फोकस किया जाएगा। रोहनिया वाराणसी का पटेल बहुल विधानसभा क्षेत्र है। 2012 के बाद से हर विधानसभा चुनाव में इस समुदाय ने रोहनिया में निर्णायक भूमिका निभाई है। उस वर्ष अनुप्रिया पटेल ने संयुक्त अपना दल के उम्मीदवार के रूप में रोहनिया विधानसभा सीट जीती थी। वह वर्तमान में केंद्रीय राज्य मंत्री हैं। 2014 में मिर्ज़ापुर से सांसद चुने जाने के बाद अनुप्रिया की विधानसभा सीट खाली हो गई थी। 2014 में रोहनिया विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के महेंद्र सिंह पटेल ने सीट जीती थी।

2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के सुरेंद्र नारायण सिंह निर्वाचित हुए थे। साल 2022 में बीजेपी की सहयोगी अपना दल (एस) के उम्मीदवार सुनील पटेल ने सीट जीती। जद (यू) नेता ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनावों के बाद, किसी भी पार्टी को अब यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि वह एकमात्र पार्टी है जो भाजपा को हराना चाहती है क्योंकि अन्य भी सक्षम हैं। नीतीश कुमार की यूपी में चुनाव से पहले रैलियों को तेवर के रूप में समझा जाएगा। यूपी में लोकसभा की 80 सीटें हैं और वह राज्य में अच्छे प्रदर्शन को लेकर काफी आश्वस्त दिख रहे है।

## जाति व धर्म भाजपा के एजेंडे में हैं

सत्तारूढ़ भाजपा पर कटाक्ष करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जाति और धर्म उनके एजेंडे में हैं जबकि हमारा एजेंडा भाईचारा और प्यार है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि (इंडिया गठबंधन) के कुछ नेताओं ने गलतियां कीं, जिसके कारण लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाने में थोड़ी देरी हुई। अब हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि आगे कोई गलती न हो। हम लोकसभा चुनाव के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करने जा रहे हैं।

# दूषित भोजन से 1 की मौत, 15 बीमार

**झाबुआ, देशबन्धु।** पेटलावद थाना क्षेत्र के चापानेर गांव में शनिवार को एक कार्यक्रम में भोजन करने के बाद करीब 15 लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। जिनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूषित भोजन करने से बीमार सभी लोगों का इलाज बामनिया स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया। तो वहीं एक 47 वर्षीय व्यक्ति की तबीयत ज्यादा बिगड़ने से उसे रैफर किया गया। पेटलावद अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चापानेर में तेरसिंग पिता चतरू मुणिया के घर पर शनिवार को तेजाजी महाराज की कथा का आयोजन था। कार्यक्रम में करीब 400 लोग आए हुए थे। कार्यक्रम के दौरान भोजन ग्रहण करने के बाद अचानक रात में 15 को फूड प्वाइजनिंग की शिकायत होने लगी। सभी लोगों को तत्काल बामनिया हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार भी किया गया। विषाक्त भोजन से मृतक व्यक्ति बादल पिता लालचंद पारगी (47) का शव परीक्षण पेटलावद अस्पताल में रविवार को किया गया।

बामनिया अस्पताल के डॉ. मनीष सोलंकी ने बताया कि शनिवार को कुछ लोग पिता-पुत्र को इलाज के लिए लाए थे। उन्हें उल्टी-दस्त हो रहे थे। पिता के मुंह से झाग आ रहे थे। मैंने गंभीरता को देखते हुए उन्हें रैफर कर दिया। कुछ और बीमार भी आए थे, उनका इलाज करने के बाद छुट्टी दे दी गई।

# निकाह कर लौट रहे दूल्हे की कार में लगी आग

**झाबुआ, देशबन्धु।** पिटोल के समीप बैतूल-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार शाम 7 बजे के करीब कार में आग लग गई। कार में दूल्हा-दुल्हन सवार थे, जो झाबुआ से शादी कर वापस अपने घर दाहोद जा रहे थे। तभी चेक पोस्ट के पास कार धूं-धूं कर जलने लगी।

जानकारी अनुसार दूल्हा गनी लियाकत मंसूरी, दाहोद का निकाह झाबुआ निवासी दुल्हन फिजा शकील मंसूरी के साथ हुआ। निकाह के बाद वे कार में सवार होकर दाहोद जा रहे थे। तभी चलती कार में आग लग गई। ड्राइवर ने अपनी सूझबूझ से गाड़ी को सुरक्षित जगह खड़ी कर कार में बैठे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुछ ही देर में कार पूरी तरह जलने लगी। थोड़ी देर तो राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना की जानकारी पुलिस चौकी पिटोल पर जैसे मिली चौकी प्रभारी पल्लवी भाबर मय स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंची। राष्ट्रीय राजमार्ग के वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड भी समय रहते पहुंच गया था।

# भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेता संपर्क में : कुमार स्वामी

**हासन, एजेंसी।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल के नेता एचडी कुमारस्वामी ने रविवार को संकेत दिया कि लोकसभा चुनाव के बाद कर्नाटक में कांग्रेस सरकार गिर सकती है तथा कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता पहले ही इस संबंध में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत कर चुके हैं। कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि एक शीर्ष कांग्रेसी नेता केंद्र के नेताओं से मिलकर लोकसभा चुनाव के बाद उनमें शामिल होने के लिए आवेदन किया है।

उन्होंने छह महीने की राहत मांगी है जिससे वह 50 से 60 विधायकों को अपने साथ ला सकें। उन्होंने हालांकि नेता के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि कुछ भी हो सकता है जैसा कि महाराष्ट्र में हुआ। महाराष्ट्र में जो हुआ वह कर्नाटक में भी हो सकता है। कोई भी पार्टी के प्रति ईमानदार या प्रतिबद्ध नहीं है। सब अपना व्यक्तिगत लाभ देखते हैं। राजनीति में हमेशा ऐसा होता रहा है। कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच टकराव की ओर इशारा करते हुए कहा कि वैसे तो कांग्रेस 135 सीटें होने का दावा कर सकती है, लेकिन लोग कर्नाटक कांग्रेस की स्थिति को जानते हैं। सिद्दारमैया पर हमला जारी रखते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री जाति सर्वेक्षण की आड़ में जाति के आधार पर समाज में दरार उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। मुस्लिम समुदाय के विकास के लिए बजट आवंटन बढ़ाकर 10 हजार करोड़ रुपए करने के सिद्दारमैया के इरादे पर जेडीएस नेता ने कहा कि वह अल्पसंख्यकों को धन दिए जाने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्होंने पूछा कि क्या यह हिंदुओं को भी नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि उनमें से अधिकांश दलित और गरीब हैं।

# हैदराबाद-विजयवाड़ा राजमार्ग को बेहतर बनाने मिलेगी प्राथमिकता

**हैदराबाद, एजेंसी।** सड़क और भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना की नई कांग्रेस सरकार दो शहरों के बीच यात्रा के समय को कम करने के लिए हैदराबाद-विजयवाड़ा राजमार्ग के चौड़ीकरण और सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी।

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर तेलंगाना सचिवालय में मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि सरकार यात्रा के समय को ढाई घंटे तक कम करने के लिए हैदराबाद-विजयवाड़ा से संबंधित कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलेंगे और उनसे हैदराबाद-विजयवाड़ा को छह लेन राजमार्ग में चौड़ा करने की मंजूरी देने का अनुरोध करेंगे। वेंकट रेड्डी ने कहा कि वह लोकसभा सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा सौंपने और तेलंगाना में राजमार्ग परियोजनाओं के संबंध में गडकरी से मिलने के लिए सोमवार को नई दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से 14 राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उन्नत करने का अनुरोध करेंगे। इनमें मल्लेपल्ली-नलगोंडा और रीजनल रोंग रोड (आरआरआर) साउथ-चौटुप्पल-अमंगल-शादनगर-संगारेड्डी शामिल हैं। वह राष्ट्रीय राजमार्ग 765 के हैदराबाद-कलवाकुर्थी खंड को चार लेन का बनाने की मांग भी उठाएंगे। वह केंद्र से तेलंगाना के लिए सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआईएफ) का बजट बढ़ाने का भी अनुरोध करेंगे। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने 100 करोड़ रुपए की लागत से नलगोंडा जिले में नलगोंडा-मुशामपल्ली-धर्मपुरम सड़क को चार लेन बनाने की मंजूरी दी। विकाराबाद जिले में लिंगमपल्ली-दुदयाल सड़क को 4.15 करोड़ रुपये की लागत से मजबूत किया जाएगा। नाकरेकल-नागार्जुन सागर रोड के शेष कार्यों के हिस्से के रूप में, नलगोंडा शहर की सीमा का सुधार किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान राजमार्गों के विकास पर ध्यान नहीं दिया। मंत्री ने कहा कि निकटवर्ती सार्वजनिक उद्यान सहित विधानसभा परिसर के आसपास के क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधान परिषद सत्र आयोजित करने के लिए पुराने विधानसभा भवन, जो एक विरासत संरचना है, को बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई संरचनाएं बनाने के लिए कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) और अन्य दलों की पुरानी इमारतों को ध्वस्त कर दिया जाएगा और सार्वजनिक उद्यान से ललिता कला थोरनम तक सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा। वह मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, विधान परिषद के अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों के साथ अगले कुछ दिनों में क्षेत्र का दौरा करेंगे। वेंकट रेड्डी ने कहा कि अधिकारियों को अगले एक महीने में सभी राजमार्गों की मरम्मत करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार 100 दिनों में लोगों को दी गई सभी छह गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि टीएसआरटीसी बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई महालक्ष्मी योजना को दुनिया भर की महिलाओं से सराहना मिल रही है।

लद्दाख सीमा पर चीन की ड्रोन उड़ानों से सेना परेशान

# बफर जोन में समझौतों को तोड़ रही हैं चीनी सेना

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** समझौतों के बावजूद चीनी सेना लद्दाख के मोर्चे पर उन बफर जोनों में लगातार ड्रोन उड़ा कर भारतीय सेना को परेशान किए हुए है, जहां से दोनों पक्षों ने कुछ अरसा पहले अपने जवानों को रिट्रिट किया था। भारतीय पक्ष इसे उकसाने वाले कार्रवाई भी करार देता है। लद्दाख के मोर्चे से मिलने वाली खबरें कहती हैं कि सेनाधिकारियों ने अपनी चिंताओं से सेना मुख्यालय को अवगत करवाते हुए कहा है कि इससे निपटने के उपाय तत्काल किए जाने चाहिए क्योंकि चीनी सेना की ड्रोन उड़ानें उनके सामारिक महत्व के ठिकानों को बार बार बदलने पर मजबूर कर रही हैं।

## कई किमी घुस आई थी चीनी सेना

दरअसल लद्दाख सीमा पर बफर जोन उस समय बनाए गए जब मई 2020 में चीनी सेना लद्दाख के भीतर कई किमी तक घुस आई थी और बाद में हुए समझौतों के तहत भारतीय सेना को ही अपने क्षेत्रों से पीछे हटना पड़ा था। इन समझौतों में भारतीय सेना को अपने ही कई इलाकों में गश्त करने पर भी पाबंदी लगा दी गई थी।

## भारतीय सेना बता रही उकसावे की कार्रवाई

हालांकि सैन्य सूत्रों ने कहा कि चीन के हालिया कदम का मुकाबला करने के लिए, भारतीय सेना भी चीनी सेना की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अपने ड्रोन तैनात कर रही है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक सैटेलाइट इमेजरी से भी संकेत मिलता है कि चीनी सेना बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विस्तार और अपने सैनिकों के लिए आवास के निर्माण के अलावा वास्तविक नियंत्रण रेखा अर्थात एलएसी पर अपने ड्रोन के बेड़े का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर, रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने चीनी सेना द्वारा बफर जोन पर ड्रोन के इस्तेमाल पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## लोगों की आजीविका भी हुई प्रभावित

पिछले साल, लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के एक निर्वाचित प्रतिनिधि ने बताया था कि कैसे बफर जोन के निर्माण ने स्थानीय लोगों की अपने पशुओं के लिए चरागाहों तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है और उनकी आजीविका को नुकसान पहुंचाया है।

दरअसल बफर जोन के निर्माण के बाद चीनी सेना अभी भी कई इलाकों में भारतीय क्षेत्र के भीतर ही है। जबकि कहा यह भी जा रहा है कि भारत ने अपनी अधिक भूमि पर गश्त करने का अधिकार छोड़ दिया है, जिससे चीनियों को अधिक क्षेत्र सौंपने का आरोप लग रहा है। जबकि रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा था कि बफर जोन एक अस्थायी व्यवस्था थी और भारत ने उन क्षेत्रों पर अपना अधिकार नहीं छोड़ा है। लेकिन सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह व्यवस्था कब तक जारी रहेगी। दोनों पक्ष फरवरी 2021 में पैंगांग झील के उत्तरी और दक्षिणी तट से, अगस्त 2021 में गोगरा में पेट्रोलिंग प्वाइंट 17 से और सितंबर 2022 में हाट स्प्रिंग्स में पेट्रोलिंग प्वाइंट 15 से पीछे हट गए थे। इससे पहले, वे गलवान घाटी से हट गए थे। 2020 में एक झड़प के बाद जिसमें 20 भारतीय सैनिक और कम से कम चार चीनी सैनिक मारे गए थे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।